रोहतक
शनिवार, 29 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 153
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 38.0
न्यून. 28.1

# हरिभूमि


हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 रोहतक की शेफाली ने महिला टेस्ट का सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा, 194 गेंद पर 200 रन




**मानसून ने दी दस्तक** 24 घंटे में 228 एमएम बरसात, बाढ़ जैसे हालात

# पहली बारिश में ही दिल्ली पानी पानी, 88 साल का रिकॉर्ड टूटा

## दिल्ली सरकार ने बुलाई आपात बैठक, कंट्रोल रूम बनाया और हेल्प लाइन नंबर जारी किए

## हिमाचल में लैंडस्लाइडः आज हरियाणा-दिल्ली समेत 24 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज/भाषा ▶▶| नई दिल्ली

देश की राजधानी और एनसीआर गुरुवार रात व शुक्रवार को मानसून की पहली बारिश हुई। इस बारिश दिल्ली को पानी-पानी कर दिया। सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए। 4 से 5 फीट तक पानी भरने से कारें डूब गईं। सड़कों पर नाव चलीं। कई इलाकों में ट्रैफिक प्रभावित हुआ। द्वारका सेक्टर 25 मेट्रो स्टेशन के एंट्री और एग्जिट गेट भी बंद कर दिए गए। मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में गुरुवार सुबह 8:30 बजे से शुक्रवार सुबह 8:30 बजे तक, यानी 24 घंटे में 228 एमएमए बारिश हुई है। यहां 88 साल बाद जून में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश है। इससे पहले जून 1936 में 24 घंटे में 235.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। भारी बारिश को देखते हुए दिल्ली सरकार ने आपात बैठक बुलाई और हेल्पलाइन नंबर जारी किए।

### इन राज्यों अलर्ट

मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार को हरियाणा, दिल्ली समेत 24 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गुजरात व केरल शामिल हैं। वहीं हिमाचल में लैंड स्लाइड होने से कई गाड़ियां मलबे में दब गई। राज्य के करीब 35 राजमार्ग भारी बारिश के कारण बंद करने पड़े।





### दिल्ली एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 की छत गिरी, एक की मौत, 8 घायल

दिल्ली में भारी बारिश से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा वहां खड़ी कारों पर गिर पड़ा, जिससे एक कैब चालक की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए। इसके बाद विमानों का परिचालन स्थगित करना पड़ा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान रोहिणी के रहने वाले रमेश कुमार (45) के रूप में हुई है। नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने टर्मिनल-1 पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। घायल लोगों को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली फायर सर्विस, पुलिस, सीआईएसएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत-बचाव में जुटी हैं।

### भिवानी में महिला और नूंह में बच्चे की मौत

**भिवानी/नूंह।** हरियाणा में मानसून की एंट्री हो गई है। राजस्थान के रास्ते मानसून भिवानी जिले में पहुंचा। हालांकि अभी यहां ही अटका हुआ है। मानसून आने के बाद प्रदेश में 29 जून से 1 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। 2 जुलाई को भी हल्की बारिश होगी। वहीं, भिवानी के गांव हसान में महिला शर्मिला को करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। वह खेत में बना ट्यूबवैल चलाने गई थी। वहीं, नूंह के पिनगवां कस्बे में ईदगाह के पास 7 वर्षीय बच्चे की पानी में डूबने से मौत हो गई। बच्चा अपनी बहन व भाइयों के साथ खेलने गया था। जहां पर वह गड्ढे में भरे बारिश के पानी में डूब गया।

**लोकसभा में राहुल ने उठाया मुद्दा, सत्ता पक्ष को घेरा**

कांग्रेस का आरोप- राहुल गांधी का माइक बंद किया

# नीट पर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का जोरदार हंगामा

भाषा/एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को नीट-यूजी के मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते एक जुलाई तक स्थगित कर दी। वहीं राज्यसभा में भी कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। बाद में इसे भी 1 जुलाई तक स्थगित कर दिया गया। दरअसल, विपक्ष नीट पर चर्चा की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा, नियमों के मुताबिक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के बीच स्थगन प्रस्ताव नहीं ला सकते,जबकि राज्यसभा में 22 सांसदों के नोटिस को सभापति ने खारिज कर दिया। चर्चा की मांग के दौरान राज्यसभा में चेयरमैन जगदीप धनखड़ और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच विवाद की स्थिति बनी। हंगामे के बीच खरगे आसंदी के पास पहुंच गए, जिस पर धनखड़ नाराज हो गए और कार्यवाही 2 बजे तक रोक दी। लोकसभा में भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नीट मामले को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट मामले में चर्चा की मांग की। इस बीच कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नीट का मुद्दा उठाने पर राहुल का माइक बंद कर दिया गया। *(पेज 7 भी देखें)*

### धनखड़ हुए नाराज



राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गए जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। धनखड़ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए विपक्ष को चेतावनी दी।

### खरगे के आरोप



कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि वह उच्च सदन में नीट-यूजी का विषय उठाना चाहते थे, लेकिन सभापति ने उन्हें अपमानित करने के लिए जानबूझकर नजरअंदाज किया। खरगे ने यह दावा भी किया कि विपक्ष के प्रति सभापति का व्यवहार सौतेला था। बाद में खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'गत सात वर्षों में 70 पेपर लीक हुए हैं, करोड़ों युवाओं से मोदी सरकार ने विश्वासघात किया है।' अब सभापति भी हमें अपमानित कर रहे हैं।

### हम चर्चा करने के लिए तैयार : शिक्षा मंत्री प्रधान



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन यह परंपरा के अनुसार और मर्यादा में रहते हुए होनी चाहिए। 'जब सरकार अपना पक्ष रखने को तैयार है तो संशय वाली क्या बात है? हम छात्रों और देशवासियों को भरोसा दिलाते हैं कि हम कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे और इसमें शामिल सभी लोगों पर सीबीआई की गाज गिरने वाली है। हम किसी को नहीं बख्शेंगे।'



### कांग्रेस सांसद फूलो राज्यसभा में बेहोश हुईं

राज्यसभा में नीट-यूजी के मुद्दे पर हंगामे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और विपक्ष के कई सांसदों ने अस्पताल में उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। खरगे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद के मूर्छित होकर गिरने के बाद भी सदन की कार्यवाही जारी रखी गई, जबकि कुछ देर के लिए कार्यवाही स्थगित कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली जा सकती थी।

## हेमंत सोरेन को मिली जमानत 5 माह बाद जेल से बाहर आए

**रांची (भाषा)।** झारखंड हाईकोर्ट ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को शुक्रवार को जमानत दे दी। सोरेन 5 माह बाद जेल से बाहर आए हैं। रांची की बिरसा मुंडा जेल के बाहर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। सोरेन ने कहा कि मुझे झूठे आरोपों में 5 माह जेल में रखा गया। सुनियोजित तरीके से आवाज दबाई जा रही है। न्याय की प्रक्रिया इतनी लंबी हो रही है कि न्याय मिलने में कई महीने लग रहे हैं। वहीं, कोर्ट ने कहा कि धनशोधन केस में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं मिले। प्रथम दृष्टया, वह दोषी नहीं हैं।



**हेमंत सोरेन बोले न्याय प्रक्रिया बहुत लंबी**

**हाईकोर्ट ने कहा, पूर्व सीएम के खिलाफ सबूत नहीं मिले**

# भारत-अफ्रीका के बीच महामुकाबला आज, दोनों इतिहास रचने को तैयार

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम शनिवार को जब टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारबाडोस मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करने की चुनौती होगी। फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें अजेय रही हैं, लेकिन बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारत का पलड़ा भारी होगा। दक्षिण अफ्रीका 1998 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। दोनों ही टीमें शनिवार को इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। *(खेल पेज भी देखें)*



**टी-20 वर्ल्डकप, फाइनल मैच शाम 8 बजे**

### भारत इसलिए मजबूत

- मौजूदा विश्व कप में भारत बारबाडोस में एक मुकाबला खेल चुकी है। उसे यहां जीत मिली थी।
- द.अफ्रीकी टीम के लिए इस प्रतियोगिता में यह पहला मौका होगा जब वह बारबाडोस में खेलेगी।
- ऐसे में अफ्रीका के सामने हालात के मुताबिक खुद को ढालने की चुनौती होगी। वहीं, भारत को अपने पुराने अनुभव का लाभ मिल सकता है।
- टी20 विश्व कप दोनों टीमें अब तक 6 बार आमने-सामने हुई हैं। 4 बार भारत व दो बार अफ्रीका जीता।

सरकारी मान्यता प्राप्त धर्मार्थ संस्था जिसके द्वारा विश्व स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है ।

49 वर्षों के गौरवशाली अतीत वाला एक संस्थान जहाँ 1976 से निरंतर पैरामेडिक्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

विद्यैव बलम्

डिप्लोमा कोर्स (प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम)
योग्यता : 10वीं / 12वीं पास

- मेडिकल लेबोरेटरी तकनीशियन
- डेंटल लैब तकनीशियन / हाईजेनिस्ट
- एक्सरे एवं इसीजी तकनीशियन
- पब्लिक हैल्थ एवं सनिटेशन तकनीशियन
- ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन
- कार्डियो वसकुलर तकनीशियन
- डायलिसिस तकनीशियन
- कैथ लैब तकनीशियन
- अनेस्थेसिया तकनीशियन
- फिजियोथेरपी
- ओफ्थल्मीक तकनीशियन
- सीटी / एमआरआई तकनीशियन

बैचलर ऑफ साइंस योग्यता : PCB / PCM से 10वीं / 12वीं तथा स्नातक

- बैचलर ऑफ वोकेशनल स्टडी
- कैथ लैब तकनीशियन
- मास्टर ऑफ वोकेशनल स्टडी
- बैचलर ऑफ फिजियोथेरपी
- B.Sc मेडिकल लेबोरेटरी तकनीशियन (BMLT)
- कार्डियो वसकुलर तकनीशियन
- रेडियो इमेजिंग तकनीशियन (BRIT)
- कार्डियक केयर तकनीशियन
- डायलिसिस तकनीशियन
- M.Sc मेडिकल लैबोरेटरी तकनीशियन
- ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन

पैरामेडिकल और नर्सिंग में चुनें अपना सुनहरा भविष्य SCAN ME

प्रवेश आरंभ 2024

- भारत के बेंचमार्क (मानक) पैरामेडिकल शिक्षकों द्वारा
- रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार और भारत की सेनाओं (जल सेना, थल सेना, वायु सेना), (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) तथा विभिन्न संबंधित राज्य सरकारों के लिए सेवाकाल में प्रशिक्षण प्रदान करने वाला संस्थान है।
- संस्थान पैरा मेडिकल पाठ्यक्रम को भारत एवं राज्य सरकारों के प्राधिकरण बोर्ड, मेडिकल बोर्ड, पैरामेडिकल काउंसिल, भारतीय नर्सिंग काउंसिल तथा दिल्ली नर्सिंग काउंसिल से अनुमोदित संस्थान के मान्यता प्राप्त हैं।
- पैरा मेडिकल के लिए प्रशिक्षण आरंभ करने वाला भारत का पहला और एकमात्र संस्थान होने पर हमें गर्व है।

B. VOC. & M. VOC.
Bachelor/Masters of Vocational Studies

ANM & GNM
AUXILIARY /GENERAL : NURSING & MIDWIFERY

इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हैल्थ एंड हाइजीन

RZ-A-44 महिपालपुर, नई दिल्ली-37
Email : iphh76@gmail.com www.iphhparamedic.in
9811817972
8178552287

## एनटीए ने तीन अहम परीक्षाओं की तारीखों का ऐलान किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** एनटीए ने यूजीसी-नेट समेत रद और स्थगित की गई परीक्षाओं की नई तारीखों की घोषणा शुक्रवार रात को कर दी। यूजीसी-नेट परीक्षा 18 जून को हुई थी, लेकिन एक दिन बाद ही इसे रद कर दिया था। यह परीक्षा अब 21 अगस्त से 4 सितंबर तक होगी। सीएसआईआर यूजीसी-नेट को एहतियातन स्थगित कर दिया था। अब ये परीक्षा 25 से 27 जुलाई तक होंगी। आईआईटी, एनआईटी, आरआईई और सरकारी कॉलेज के साथ ही चुनिंदा केंद्रीय एवं राज्य विश्वविद्यालयों या संस्थानों में चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) में प्रवेश के लिए नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी) अब 10 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई एक जुलाई से

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। निगम के प्रवक्ता ने बताया की पंचकूला जोन में आने वाले जिलों कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 1, 8, 15 और 22 जुलाई को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में किया जाएगा।

### शिकायतों पर तुरंत सुनवाई करें : कंवरपाल

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी आम जनता से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करें। वह शुक्रवार को यमुनानगर जिला में हाइडल कॉलोनी भूड़कलां खंड प्रताप नगर व पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह छछरौली में समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

### असंध को जिला बनाने की पैरवी

**चंडीगढ़।** जिलों के पुनर्गठन के साथ कुछ नए जिले बनाने की प्रक्रिया शुरू करते हुए जहां राज्य सरकार ने मंत्रियों पर आधारित एक कैबिनेट सब कमेटी गठित कर दी है, वहीं असंध उपमंडल को राज्य के नए ज़िले का दर्जा और आकार प्रदान करने की मांग के साथ क्षेत्र का एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल असंध की पैरवी करने चंडीगढ़ पहुंचा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने कमेटी के अध्यक्ष कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर और अन्य सदस्य को ज्ञापन सौंपा।

### शिवालिक विकास एजेंसी की बैठक में मंथन

**पंचकूला।** अंबाला मण्डल की आयुक्त एवं शिवालिक विकास एजेंसी अंबाला की अध्यक्षा रेनु एस फुलिया की अध्यक्षता में शिवालिक विकास एजेंसी के माध्यम से चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक हुई। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने अपने विभागों से संबंधित लंबित विकास कार्यों को एक महीने में पूरा करने के निर्देश दिए।

### समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं समस्याएं

**पंचकूला।** उपायुक्त डा. यश गर्ग ने गांव गणेशपुर भोरियां निवासी लक्ष्मण दास की शिकायत पर पुलिस विभाग को कहा कि एसीपी के 133 सीआरपीसी के आदेशों को दो साल के बाद भी पुलिस लागू नहीं करवा रही। उपायुक्त डा. यश गर्ग शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। शिविर में 110 शिकायतों की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित विभागों को जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में माथा टेका

**मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा- हरियाणा व पंजाब एक ही परिवार**

# पंजाब बड़ा भाई, एसवाईएल का पानी देने का फर्ज निभाए



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी का सम्मान करते जत्थेदार।



चंडीगढ़। स्वर्ण मंदिर में बरतन सेवा करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब हमारा बड़ा भाई है और बड़े भाई का फर्ज है कि वो छोटे भाई को निराश न होने दे। उन्होंने कहा कि पंजाब-हरियाणा एक ही परिवार है, एक ही घर है, इसलिए बड़े भाई से वे आग्रह करते हैं कि वह हमें पानी दे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में माथा टेकने के बाद पत्रकारों के पूछे सवालों का जवाब दे रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गुरु की नगरी अमृतसर में स्वर्ण मंदिर (श्री दरबार साहिब) में मत्था टेका और गुरु साहिब के चरणों में शीश नवाया।

### श्री दरबार साहिब आकर नई शक्ति मिली : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सिख गुरुओं की पवित्र नगरी अमृतसर में आकर मन को बड़ा सुकून मिला, ये एक पवित्र स्थान है। गुरुओं की वाणी से हमें संकल्प लेना चाहिए कि जो रास्ता उन्होंने दिखाया था, हम उस पर चलकर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा का हर व्यति स्वस्थ हो और अपने जीवन में आगे बढ़े, यही अरदास मैंने गुरु के चरणों में की है। उन्होंने कहा कि यहां आकर मुझे एक नई ऊर्जा और शक्ति मिली है। गुरुओं के चरणों में नतमस्तक होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### बरतन सेवा

मुख्यमंत्री ने लंगर घर जाकर आम आदमी की तरह संगत में बैठकर श्री गुरु का प्रसाद लिया। उन्होंने लंगर छकने के बाद लगभग 15 मिनट बरतन सेवा भी की। उनके साथ परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल भी मौजूद रहे। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री को सरोपा व श्री दरबार साहिब का चित्र भेंट किया गया। वहीं मुख्यमंत्री ने अमृतसर के निकट भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल राम तीर्थ मंदिर में भी दर्शन किए और भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि का यह तपोभूमि है। मां सीता ने यहां लव-कुश को शिक्षा दी थी। पवित्र ग्रंथ रामायण की रचना भगवान वाल्मीकि ने की थी। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने से लोग यहां शीश नवाते हैं और भगवान वाल्मीकि का आर्शिवाद लेते हैं। मंदिर कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री को सरोपा और भगवान वाल्मीकि का चित्र भेंट किया गया।



## मुख्यमंत्री ने राधा स्वामी डेरा प्रमुख से शिष्टाचार भेंट कर लिया आशीर्वाद

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने राधा स्वामी सत्संग ब्यास के डेरा प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह से शिष्टाचार भेंट की और उनसे आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सिंह पहली बार डेरा प्रमुख से मिले हैं और उन्होंने हरियाणा प्रदेश की भलाई के लिए डेरा प्रमुख से मार्गदर्शन लिया।

**समाजहित में डेरे के योगदान को सराहा:** मुख्यमंत्री ने सामाजिक सरोकार के लिए डेरा की ओर से चलाई जा रही मुहिम के बारे में भी जाना। साथ ही उन्होंने डेरा प्रमुख से हरियाणा के लोगों के हित के लिए सरकार के साथ मिलकर कार्य करने के लिए भी मार्गदर्शन मांगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह डेरे की व्यवस्थाओं को देखकर काफी प्रभावित हुए और उन्होंने मौके पर मौजूद संगत का भी अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने डेरे में लंगर भी छका। इस अवसर पर हरियाणा के परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल भी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री से मिले डॉक्टर एसो. के पदाधिकारी, मांगों पर जल्द होगी वार्ता

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर डॉक्टरों की मांगों को लेकर निराकरण की मांग की है। मुख्यमंत्री ने जल्द ही उनके साथ बैठक करने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा एसोसिएशन की ओर से स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से भी मुलाकात की गई। इस दौरान भी लंबित चले आ रहे मामलों को उठाया और पिछले दिनों हुई दो दिन की हड़ताल के दौरान उन्हें गैरहाजिर दिखाए जाने पर आपत्ति जताई। एसीएस ने तुरंत ही आदेश जारी कर दो दिनों का वेतन वापस दिए जाने को कहा है। एसोसिएशन की ओर से हरियाणा मुख्यमंत्री से मिलने वालों में प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर राजेश ख्यालिया, मीडिया कोर्डिनेटर डाक्टर अमरजीत सिंह चौहान व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 533 मास्टर ट्रेनर तैयार 17 हजार कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण : डीजीपी

**चंडीगढ़।** डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने पुलिस आयुक्त और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किए है कि एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनो को लेकर आमजन में जागरूकता लाने के लिए थाना स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें। कपूर ने प्रदेश भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में दी। एक जुलाई को होने वाले जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में कपूर ने कहा कि पुलिस अधिकारी पुलिस थानों में होने वाले इन कार्यक्रमों में मौजिज व्यक्तियों को आमंत्रित करें ताकि उनके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि तीन नए कानूनों के बारे में जितने अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचेगी लोगो को इसका फायदा उतना ही ज्यादा होगा।उन्होंने बताया कि भारत सरकार के 'आईगोट कर्मयोगी' पोर्टल के माध्यम से तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर ऑनलाइन प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। अब तक इस कड़ी में 3 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है जबकि 17 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को फिजिकली प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा, बैठक में बताया गया कि हरियाणा पुलिस द्वारा इन तीन नए कानूनों को लेकर मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया है।



- नए कानूनों को लेकर समीक्षा बैठक
- पुलिसकर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

## जजपा चुनाव से पहले व बाद में भाजपा के साथ समझौता नहीं करेगी : दुष्यंत

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

आखिरकार साढ़े चार साल तक भाजपा के साथ सत्ता सुख में रहे जजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भाजपा से तौबा कर ली है। गठबंधन टूट जाने और लोकसभा चुनावों परिणाम आ जाने के बाद जजपा नेता दुष्यंत चौटाला ने राजधानी चंडीगढ़ में बार-बार सवालों के जवाब में बड़ा दावा किया और कहा कि जजपा विधानसभा चुनावों के पहले और बाद में भाजपा के साथ समझौता नहीं करेगी घोषणा करता हूं। एनडीए गठबंधन में रहे दुष्यंत चौटाला सरकार से हटने और लोकसभा चुनावों में करारी मात खाने के बाद बदले बदले हुए नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि कांग्रेस से भी पूर्व डिप्टी सीएम को अब कोई गुरेज नहीं है, राज्यसभा में बड़ा नामवर व्यक्ति अगर कांग्रेस लेकर आई तो जजपा उसका समर्थन करेगी। साथ ही उन्होंने स्वीकार भी कर लिया है कि उनके विधायकों में दो विधायक तो पार्टी लाइन से बाहर हैं, इसलिए स्पीकर को लिखित में शिकायत कर हमने उन्हें अयोग्य करार देने की मांग की है। लेकिन स्पीकर ने उन्हें अभी तक भी अयोग्य घोषित नहीं किया है।

### नहीं हो सकी विस अध्यक्ष से मुलाकात

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता से वीरवार और शुक्रवार को जजपा नेताओं की मुलाकात नहीं हो सकी है। जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यालय सचिव चौधरी रणधीर सिंह का कहना है कि जिन दो विधायकों ने पार्टी लाइन से बाहर जाकर दूसरी पार्टियों के लिए प्रचार किया है। रणधीर सिंह का कहना है कि सोमवार को एक बार फिर से मुलाकात के लिए समय मांगा गया है, इस दौरान मुलाकात के बाद में कार्रवाई की मांग की है।

## प्रधानमंत्री से मिले स्पीकर



**नई दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने विस चुनावों को लेकर चर्चा की।

## अपराधियों पर नकेल नहीं कस पा रही सरकार : गुप्ता

**जींद/चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर हरियाणा में फैले जंगल राज को लेकर बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून का राज खत्म होकर जंगल राज स्थापित हो गया है। सरेआम गोलियां चलाने की वीडियो सामने आ रहे हैं। हरियाणा फिरौती बाजों का सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। हर रोज पूरे हरियाणा से गोलियां चलाकर व्यापारियों से फिरौती मांगने और पर्ची फेंकने की घटना सामने आ रही है। हरियाणा में भय का माहौल व्यापत हो चुका है। लोग परेशान हैं और हरियाणा छोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हिसार के ऑटो मार्केट में पिछले तीन दिनों से लगातार व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है। 2 व्यापारियों से पांच करोड़ रुपए और दो व्यापारियों से दो-दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगने की घटना सामने आई है।



## रोजगार देने के लिए नाम युवाओं को गुमराह कर रही सरकार



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं को रोजगार देने में सबसे फिसड्डी साबित हुई है। लोग आज हरियाणा को बेरोजगारी का चैंपियन कहने लगे है। रोजगार को लेकर युवाओं से किया गया एक भी वायदा पूरा नहीं किया गया है, एचकेआरएन के माध्यम से दी जा रही नौकरियों को लेकर युवाओं का कोई भविष्य नहीं है, उनकी नौकरी पर हर समय तलवार लटकी रहती है। नौकरियों में आर्थिक आधार पर पांच प्रतिशत आरक्षण के नाम पर 23 हजार नौकरियां खतरे में पड़ गई है। जिससे युवा सरकार से निराश है।

## भाजपा सुशासन विभाग के जिला प्रमुख व सह प्रमुख किए नियुक्त

**चंडीगढ़।** भाजपा सुशासन विभाग प्रदेश प्रमुख गोविंद भारद्वाज ने प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों से सलाह कर प्रदेश में भाजपा सुशासन विभाग के जिला प्रमुख एवं जिला सह प्रमुखों की नियुक्ति की है। भारद्वाज ने गुरुग्राम से मनीष गाडौली और पलवल से नितिन गोयल को प्रदेश सह प्रमुख नियुक्त किया है। इस बाबत भारद्वाज ने अधिकारिक पत्र भी जारी किया है।गोविंद भारद्वाज ने गिरीश पुरी को यमुनानगर जिला प्रमुख और देशराज मंगल को सह प्रमुख बनाया है। इसी तरह से रामपाल छापरा को अंबाला जिला प्रमुख व कृष्ण आनंद को सह प्रमुख, रामधारी शर्मा को कुरूक्षेत्र जिला प्रमुख, भीम सैनी को करनाल जिला प्रमुख व सुभाष कोच को सह प्रमुख, प्रीतम गुर्जर को पानीपत जिला प्रमुख व नरेंद्र शर्मा, प्रदीप चौहान को सह प्रमुख, आनंद हुड्डा को सोनीपत जिला प्रमुख व मुकेश सैनी, अभिजीत राठौड़ को सह प्रमुख बनाया है, चेतना अरोड़ को रोहतक जिला प्रमुख व मनीष कुमार को सह प्रमुख, झज्जर जिला प्रमुख राजकुमार सैनी, सह प्रमुख राजेश कुमार को बनाया है। फरीदाबाद जिला प्रमुख ओम प्रकाश रक्षवाल, सह प्रमुख जोगेंद्र चावला को नियुक्त किया है। पलवल जिला प्रमुख सतबीर पटेल व सह प्रमुख राजबीर को बनाया गया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | पावर कार से पावर हाउस तक पुनर्योजी पावर यूटिलाइजेशन सिस्टम का उपयोग करके ऑन–ग्रिड लोड परीक्षण सुविधा की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 29.07.2024 प्रातः 11:30 बजे | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 28.06.2024 12:30 बजे |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 4973700/– सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप |
| अग्रिम धन | रु. 99500/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil (अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 120 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 15.07.2024 | बोली समाप्ति तिथि | 29.07.2024 प्रातः 11:30 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56–W/विद्युत/23–24/T/04/पुनर्योजी लोड बैंक

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1953/24



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (**www.ireps.gov.in**) for the supply of the below item.

| S. N. | E-Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing date & Time | EMD (IRs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98245239B | ब्लूटूथ के साथ रेल प्रोफ़ाइल मापने के उपकरण (मिनीप्रोफ़) की आपूर्ति। आरडीएसओ मिनिप्रोफ रेल द्वारा जारी विशिष्टता संख्या टीएम/एसएम–323 "रेल प्रोइल माप उपकरण (मिनीप्रोफ) की विशिष्टता" के अनुसार रेल मापने की इकाई में शामिल हैं: 1. एनविजन सॉफ्टवेयर मोल्ड्यूलः कोर, माप और विश्लेषण (एकल उपयोगकर्ता स्थापना), 2. केबल के साथ सहायक उपकरण किट, 3. चार्जर, 4. हल्के परिवहन केस, 5. टेलीस्कोपिक रॉड, 6. घुमंतू पीडीए, स्वीकृत मेकः ग्रीनवुड इंजीनियरिंग या समकक्ष। (वारंटी अवधिः डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसीः टीपीआई, स्टेज इंस्पे.: नहीं, स्टेजः 0) | 01 Set | 22.07.2024 एवं 11:00 hrs | 74160.00 |
| 2 | | विशिष्टता संख्या के अनुसार वारंटी अवधि के बाद मिनीप्रोफ का पांच साल का एएमसी शुल्क। टीएम/एसएम–323. लागत विवरण और विस्तृत विशेष शर्तें अनुबंध ए के रूप में संलग्न हैं। (निरीक्षण एजेंसीः CONSG, स्टेज इंस्पे.: नहीं, स्टेजः 0) | 01 Set | | |

**Note: 1) Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2) No manual offer will be entertained. E-Tender Notice सं0 98245239B Dated: 27.06.2024** 1937/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**राजनीति** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पंचकूला की धरती से देंगे जीत का मंत्र

# दो सत्रों में कार्यक्रम, पहले वरिष्ठ नेताओं के साथ करेंगे मंथन, दूसरे में कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी की शनिवार को पंचकूला में होने वाली विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे, इसलिए सुरक्षा व व्यवस्था को भी चाक चौबंद कर दिया गया है। शुक्रवार को प्रदेश महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा समेत तमाम बड़े नेताओं ने भी बैठक की तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर संगठन मंत्री ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ-साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, सह चुनाव प्रभारी बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल समेत तमाम बड़े नेता शामिल होंगे।

माता मनसा देवी के पवित्र शहर पंचकूला में केंद्रीय गृहमंत्री के आने को लेकर भाजपा ने जबरदस्त तैयारियां की है। पूरे शहर को होर्डिंग, बैनर, झण्डे लगाकर सजा दिया गया है। शहर में जगह-जगह कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए है।

- प्रदेश भर के कार्यकर्ता लेंगे हिस्सा
- गृहमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा चाक चौबंद



पंचकूला। विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक को लेकर चर्चा करते भाजपा नेता।

### 4500 कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नेता शामिल होंगे

विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक के बारे में जानकारी देते हुए सैनी ने कहा कि यह बैठक दो सत्रों में होगी। बैठक में करीब 4500 कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नेता शामिल होंगे। पहले सत्र की बैठक 11 से 1 बजे तक होगी जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, समेत कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में नई उर्जा का संचार करेंगे साथ ही विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा होगी।अरविंद सैनी ने कहा कि दूसरा सत्र 1 से 5 बजे तक का होगा, जिसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। शाह कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग करेंगे और आगामी चुनाव की रूपरेखा तैयार कर चुनावी बिगुल फूंकेंगे। विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक में 90 की 90 विधानसभाओं से कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। बैठक में प्रवेश के लिए कार्यकर्ताओं के पहचान पत्र बना दिए गए हैं।

**मुख्यमंत्री ने की समीक्षा :** विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी पार्टी कार्यालय पंचकमल में पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह व अन्य नेता मौजूद रहे।


**OFFICE OF THE MARKET COMMITTEE UCHANA, DIST JIND (HARYANA)**

**NOTICE INVITING TENDERS**

The Market Committee Uchana online cleanliness tender for the following works from the contractors/societies:-

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Tender Documents Fee (in Rs.) | E-Service Fees (Rs.) | Beginning closing online Bid | Tender Opening Dated | Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Extension Mandi, Old Grain Market & TMC Mandi Market Uchana and cleaning of Sewer and toilets within Extension Mandi, Old Grain Market & TMC Mandi Market Uchana and cleaning & sweeping of the service roads on back side of Extension Mandi, Old Grain Market & TMC Mandi Market Uchana, Market Committee, Uchana Main Office, Kisan Suchna Kender Office (TMC Mandi), Additional New Grain Market Uchana Kalan & Sub Yard Chhattar (Paddy & Wheat Season) Purchase Centre Ghoghrian, Kabarchha & Dhankhari only Wheat Season | monthly limit of expenditure in Rs. 67,900/- and yearly tender limit for cleaning work in Rs. 8,15,000/- | 2,00,000/- | 2000/- | 1180/- | 29-06-2024 (05:00 PM) 08-07-2024 (10:00 AM) | 08-07-2024 (12:00 PM) | 01-07-2024 to 30-06-2025 |

**Note:-**
1. For details please visit our website:- https://etenders.hry.nic.in
2. The payment for Tender Document fee and e-service fee shall be made by eligible online directly through Internet banking Accounts and the payment for EMD can be made online directly through RTGS/NEFT please refer to 'Online payment Guideline' available at the single e-Procurement portal of (Govt. of Haryana) and also mentioned under the Tender Document.
3. The interested bidders must remit the funds at least T+1 working day (Transaction day + one working day) in advance i.e. on the before (Mentioned date & Time) and make payment via RTGS/NEFT to the beneficiary account number specified under the online generated challan. The intended bidder/Agency thereafter will be able to successfully verify their payment online, and submit their bids on or before the expiry date & time of the respective events/tender at https://etenders.hry.nic.in
4. Technical Bids will be received online only office will not be accepted.

**Administrator,**
**Market Committee, Uchana.**

**Secretary-cum-Executive Officer,**
**Market Committee, Uchana.**

## खबर संक्षेप

### एजेंसी के मापतौल कांटे में गड़बड़ी आई सामने

**गोहाना।** जींद से गोहाना के बीच हाईवे का निर्माण कर रही एजेंसी के मापतौल कांटा में गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है। सदर थाना में पांच लोगों के धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। ब्रिज गोपाल कंसट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड की एचआइ इकाई के अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि कंपनी द्वारा जींद-गोहाना के बीच 352 ए हाईवे के निर्माण का काम लिया हुआ है। इलेक्ट्रानिक कांटा खराब होने पर जांच की गई। इसी दौरान लोड सैल के तार पर एक चिप लगी मिली, जिसकी सूचना प्रोजेक्ट मैनेजर एवं उच्च अधिकारियों को दी गई।

### ट्रैक्टर की टक्कर लगने से डिलिवरी ब्वॉय की मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-40 एरिया में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार डिलिवरी ब्वॉय की मौत हो गई। डिलिवरी ब्वॉय जोमेटो कंपनी में कार्यरत था और डयूटी के बाद देर रात अपने घर की ओर आ रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक की पत्नी की शिकायत पर फरार हुए ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहरी निकाय मंत्री सुधा ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में सुनीं 15 शिकायतें

अधिकारियों को सख्त निर्देश

# नगर निगम के एक्सईएन और जेई पर गिरी गाज, लापरवाही की वजह से हुए सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** जिला कष्ट निवारण समिति की मीटिंग में समस्याएं सुनते मंत्री सुभाष सुधा व फरियाद रखते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने काम में लापरवाही बरतने के आरोप में नगर निगम के एक्सईएन महिंद्र व जेई को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए। इनके खिलाफ भाजपा कई निगम सदस्यों के साथ नेताओं ने शिकायत की थी। भाजपा नेताओं का आरोप था कि अफसरों ने नगर निगम को नर्क निगम बना दिया है। उनके खुद के काम नहीं हो रहे हैं। ऐसे में वो जनता से किस मुंह से वोट मांगे। कई नेताओं ने तो नगर निगम को तोड़कर नगर परिषद बनाने की वकालत की ताकि लोगों को राहत मिल सके। दरअसल शुक्रवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन अंबाला शहर के के पंचायत भवन में हुआ था। शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा खुद यहां लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। इस दौरान भाजपा नेता एवं पूर्व मेयर रमेश मल, सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा के पति सुंदर ढींगरा, निगम सदस्य मनीष आनंद मन्नी व भाजपा नेता गुरविंद्र सिंह मानकपुर ने नगर निगम के अफसरों की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। यहां बड़ा आरोप भाजपा नेता गुरविंद्र सिंह मानकपुर ने लगाया। उन्होंने कहा कि उनका खुद का हीरानगर में प्लाट है। इस प्लाट की पार्ट आईडी करवानी थी लेकिन वह निगम के चक्कर लगाकर थक गया। प्लाट की आईडी तो दूर उल्टा निगम की ओर से उसे 65 हजार रुपये जमा करवाने के आदेश जारी कर दिए गए जबकि उसका विकास शुल्क 25 हजार रुपये बनता है। गुरविंद्र ने कहा कि निगम की कमिश्नर तो कभी किसी से मिलती तक नहीं है। उन्होंने कमिश्नर को कभी फील्ड में नहीं देखा। शहर की जनता निगम की वजह से बेहद परेशान है। इसी तरह पूर्व मेयर रमेश मल, भाजपा नेता सुंदर ढींगरा व निगम सदस्य मनीष आनंद व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील अग्रवाल ने अफसरों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। भाजपा नेताओं के कड़े आरोपों की वजह से निकाय मंत्री ने तत्काल प्रभाव से नगर निगम के एक्सईएन महेंद्र और जेई संजीव दलाल को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे आमजन के कार्यों के प्रति लापरवाही न बरतें अन्यथा सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा ने मंत्री बनने के बाद पहली बार कष्ट निवारण समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कुल 15 शिकायतों को सुना और ज्यादातर के मौके पर समाधान किए। कुछ शिकायतों को समाधान के लिए अगली बैठक के लिए रखा। पहली शिकायत नगर निगम से जुड़ी थी। इसमें दो पक्षों के झगड़े में उनकी बैठक बुलाकर समझौता करवाने के निर्देश दिए गए। दूसरी शिकायत पंचायत विभाग से जुड़ी थी जिसमें नाजायज कब्जे का मामला था। उन्होंने इस नाजायज कब्जे को तुड़वाने के निर्देश दिए।

■ काम में लापरवाही न बरतने की दी हिदायतें

### एफआईआर करवाने के निर्देश

समिति की बैठक में तलहेड़ी रांगड़ान के गुरदीप ने पूर्व सरपंच पर वाल्मीकि चौपाल की ग्रांट हड़पने का आरोप लगाया। इस पर मंत्री सुभाष सुधा ने आरोपी सरपंच के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। बैठक के दौरान रतनहेड़ी गांव की निर्मला देवी ने गांव आनंदपुर में एक प्लॉट को दो बार बेचे जाने की शिकायत की। इस पर मंत्री सुभाष सुधा ने तत्काल एफआईआर करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़िता को प्लॉट या उसके पैसे दिलवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एक शिकायत पर स्वामित्व योजना के अंतर्गत सुपर, आदर्श और दुर्गा मार्केट में 150 दुकानों पर ब्याज माफी करवाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त बैठक में अपनी समस्याओं को लेकर आए अन्य लोगों की समस्याओं को सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

### जलभराव का माधान करने के निर्देश

तीसरी शिकायत रामपुर गांव में धर्मशाला बनाने को लेकर थी, जिसमें पंचायत के फैसले को बरकरार रखा गया। चौथी शिकायत दशमेश कॉलोनी से जुड़ी थी। इस शिकायत पर मंत्री सुभाष सुधा ने नगर निगम को पानी की निकासी तत्काल करवाने के निर्देश दिए। पांचवीं शिकायत दुर्गा नगर में अवैध कब्जे से जुड़ी थी जिसमें नगर निगम को तत्काल कब्जा हटाने के निर्देश दिए। सातवीं शिकायत पुलिस से जुड़ी थी, जिस पर उसे फाइल करने के निर्देश दिए। अगली शिकायत सेक्टर-9 में जलभराव की समस्या को लेकर थी। इस पर उन्होंने आरडब्लूए, कष्ट निवारण समिति के 2 सदस्यों व नगर निगम के अधिकारियों के साथ कमेटी बनाने के निर्देश दिए। नगर निगम और एचएसवीपी के अधिकारियों को यहां की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस शिकायत को उन्होंने अगली बैठक के लिए लंबित रखा। यहां की पानी और सीवरेज लाईन को एचएसवीपी से लेकर पब्लिक हेल्थ के देने के भी निर्देश दिए।

# बाता में पति की हत्या, पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

**खास बातें**
- सिर और गर्दन पर डंडे मारकर की थी हत्या
- हत्या करना स्वीकार किया न्यायिक हिरासत में भेजी

बाता गांव में एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले की जांच थाना प्रबंधक कलायत इंस्पेक्टर शिव कुमार द्वारा करते हुए आरोपी मृतक की पत्नी बाता निवासी किरण बाला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बाता निवासी नंत राम की शिकायत अनुसार वे चार भाई थे। रोहताश सबसे छोटा था। रोहताश की शादी करीब 12 वर्ष पहले गांव चौचडा की किरण के साथ हुई थी। उनके छह वर्ष का बेटा व आठ वर्ष की बेटी है। वह मकान में ही किरयाना की दुकान चलाता था। बुधवार शाम के समय वह रोहताश का हालचाल जानने के लिए उसके घर पहुंचा तो देखा कि दुकान और घर के दरवाजे बंद पड़े थे। उसने कई बार आवाज लगाई तब कहीं जाकर रोहताश की पत्नी किरण ने घर का दरवाजा खोला। भाई का हालचाल पूछने पर किरण ने बताया कि मकान की सीढ़ियों से गिरने के कारण रोहताश के सिर पर चोट लगी है। उसने अंदर जाकर देखा तो उसका भाई मकान के सबसे पीछे वाले कमरे में चारपाई पर लेटा पड़ा था। उसके सिर पर चोट लगी थी और खून निकल रहा था। उसकी गर्दन पूरी तरह से नीली पड़ी थी। उसी समय रोहताश की घरवाली ने बताया कि रोहताश की मौत हो चुकी है। वह तुरंत अपने घर वापस आया और परिवार के ही सतीश व साहिल को घटना की पूरी जानकारी दे उनको साथ लेकर रोहताश के घर वापस आए। इसके बाद सभी ने मिल कर रोहताश को चारपाई से नीचे उतारा और देखा की रोहताश की सांसें बंद थीं। उन्होंने तुरंत 112 पर फोन कर मामले की जानकारी दी। शिकायत अनुसार किरण के मुंह से उसने सुना था कि रोहताश को निपटा कर ही घर जाऊंगी। जिस बारे थाना कलायत में हत्या का मामला दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी पत्नी किरण ने रोहताश की हत्या करना कबूल किया। उसने बताया कि रोहताश अकसर शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता रहता था, उसी से तंग आकर उसने उसके सिर व गर्दन पर डंडे से वार करके उसकी हत्या करदी। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया गया। आरोपिया शुक्रवार को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दी गई।

### पुलिस बुलाकर पति को चूरापोस्त समेत पकड़वाया

**फतेहाबाद।** पति द्वारा झगड़ा करने पर महिला ने पुलिस को बुलाकर अपने पति को चूरापोस्त सहित पकड़वा दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना सदर रतिया के अंर्तगत आने वाली महमड़ा पुलिस चौकी की टीम एएसआई सतीश कुमार के नेतृत्व में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने को लेकर गश्त पर थी। टीम जैसे ही गांव महमड़ा के बस अड्डे पर पहुंची ते गांव लाम्बा निवासी महिला मनदीप कौर ने डायल 112 पर सूचना दी कि उसका पति उसके साथ झगड़ा कर रहा है और उसके पास चूरापोस्त भी है। पुलिस मनदीप कौर के मकान पर पहुंची तो वहां उसका पति बलदेव सिंह मिला और उसने मेज पर चूरापोस्त रखा हुआ था। पुलिस ने बलदेव सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से 720 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# बहन की ससुराल में भाई ने अंधाधुंध फायरिंग की

■ गोली लगने से बुर्जुग की मौत, परिजनों ने खड़की व दीवारों से कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** जांच करती पुलिस।

शुक्रवार अलसुबह दिल्ली पुलिस के जवान ने अपनी बहन के घर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोली लगने से बुर्जुग की मौत हो गई तथा एक महिला सहित 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपी के जीजा की शिकायत पर हत्या सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटना स्थल पर गोली के खोल व हादसे में प्रयोग की गई गाड़ी बरामद की है। जिसमें दिल्ली पुलिस की वर्दी मिली है। जानकारी के अनुसार गांव घसौला निवासी रजत की शादी दिसंबर 2023 में गोपालवास निवासी उषा के साथ हुई है। बताया जा रहा है रिश्ते के वक्त उषा के परिजनों को बताया गया था कि रजत गृह मंत्रालय में नौकरी करता है। लेकिन शादी के बाद पता चला कि रजत कोई नौकरी नहीं करता। इस बात से उषा का भाई साकेत नाराज था। साकेत दिल्ली पुलिस का जवान है। इसी बात से नाराज साकेत शुक्रवार अलसुबह साकेत दिल्ली से सीधा अपनी बहन की ससुराल घसौला में पहुंचा। साकेत ने बाहर से आवाज लगाई तो उसका जीजा रजत ने गेट खोला। गेट खोलते ही साकेत ने रजत पर पिस्तौल निकलकर फ ायरिंग कर दी। रजत ने भागकर जान बचाई। गोली की आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य बाहर निकल आए। इसके बाद आरोपी साकेत ने उन पर गोली चलानी शुरू कर दी। गोली लगने से 55 वर्षीय छोटेलाल की मौत हो गई और शकुंतला, शिवम और सुरेंद्र गोली लगने से घायल हो गए। इसके बाद आरोपी कार छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने तीनों घायलों को दादरी सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से उनको रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है को रिश्ते के वक्त नौकरी की झूठ व रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस व एफएसएल टीम ने 20 गोली के खोल,एक मैगजीन व कारतूस व कार बरामद की है। साकेत ने घर के सामने आकर आवाज लगाई। जब उसने दरवाजा खोला तो साकेत ने गोली चला दी। उसने खिड़की से कूदकर जान बचाई। लेकिन गोली लगने से उसके दादा छोटेलाल की मौत हो गई और उसकी मां शकुंतला,पिता सुरेंद्र व भाई शिवम घायल हो गया।

### आरोपी पर मामला दर्ज

डीएसपी सुभाष चंद्र ने बताया की आरोपी पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपी का बहन के पति के साथ विवाद चल रहा था। घटना स्थल से एक कार व दिल्ली पुलिस की वर्दी बरामद की है। एफएसएल टीम ने 20 गोली के खोल बरामद किए हैं। आरोपी दिल्ली पुलिस का जवान है, जो दिल्ली से सरकारी असलाह लेकर टैक्सी किराए पर घसौला पहुंचा था।

# सोनीपत के मोहित कप्तान और हिसार के दीपक बने उप कप्तान

■ हरियाणा सीनियर पुरुष रग्बी फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



मोहित खत्री



दीपक पूनिया

हरियाणा राज्य रग्बी फुटबॉल संघ ने राष्ट्रीय सीनियर पुरुष रग्बी सेवन फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए 12-सदस्यीय टीम का चयन किया है। सोनीपत के मोहित खत्री को कप्तान और हिसार के दीपक पूनिया को टीम का उप कप्तान बनाया गया है। 11वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष रग्बी सेवन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 29 व 30 जून को पुणे स्थित श्री शिव छत्रपति खेल परिसर बालवाड़ी में किया जाएगा।

हरियाणा राज्य रग्बी फुटबॉल संघ की ओर से आज यहां जारी खिलाड़ियों की लिस्ट में विकास खत्री, मोहित खत्री, नीरज, प्रिंस खत्री, साहिल तुषीर, सचिन, अमन खत्री तथा तिलक दूहन (सोनीपत ), अनिकेत (अंबाला), दीपक पूनिया (हिसार) तथा अजय देसवाल (झज्जर), सुरेश कुमार (सेना) हरियाणा टीम का हिस्सा हैं। कपिल, दीपक तंवर और अनुज पाल को स्टैंड बाय में रखा गया है।

हरियाणा राज्य रग्बी फुटबॉल संघ के सचिव नरेंद्र मोर के अनुसार पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं विश्व रग्बी लेवल-2 अरुण डागर हरियाणा टीम के कोच रहेंगे और रग्बी इंडिया फेयर क्वालिफाइड अंकेश दयानंद सिन्हा फिजियो रहेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुरुष रग्बी टीम लगातार कई वर्षों से राष्ट्रीय चैम्पियन है और इस बार भी टीम चैम्पियनशिप टाइटल डिफेंड करेगी।

# रेत से भरे डंपर ने बाइक सवार दंपति को कुचला, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर के गांव देवधर के पास हादसे के बाद रोड पर जाम लगाते ग्रामीण।

■ गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम

जिले के बीकेडी रोड पर गांव देवधर के पास रेत से भरे डंपर ने बाइक सवार दंपत्ति को कुचल दिया। हादसे में दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से गुस्साए लोगों ने मौके पर पहुंचकर जाम लगा दिया। जिससे रोड पर वाहनों की लाइनें लग गई। पुलिस ने लोगों को समझा कर शांत किया। जिसके बाद लोगों ने जाम खोला। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

देवधर निवासी चंद्रपाल ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10 बजे के उनके गांव का ही 45 वर्षीय सुभाष अपनी पत्नी 40 वर्षीय सुमन को साथ लेकर पास के गांव से दवाई लेने गया था। दवाई लेने के बाद वह वापस घर लौट रहे थे। जब वह गुर्जर कन्या गुरुकुल महाविद्यालय देवधर के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार रेत से भरे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दंपती बाइक समेत सड़क पर गिर गए। डंपर ने उन्हें कुचलता हुआ आगे निकल गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई । हादसे की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर ही एकत्रित हो गए। दंपती की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने रोड पर जाम लगा दिया। प्रतापनगर थाना प्रभारी, एसडीएम छछरौली राजेश पुनिया, डीएसपी छछरौली महावीर सिंह, तहसीलदार छछरौली सुदेश मेहरा मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने आरोपी डंपर चालक को गिरफ्तार करने तथा रोड से ओवरलोडिड वाहनों को बंद करवाने की मांग की। अधिकारियों ने लोगों को उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देने के बाद समझा कर शांत किया। जिसके बाद लोगों ने जाम खोला।

### धन-संपत्ति से ज्यादा पावरफुल हैं ज्ञान और शिक्षा : बंडारू

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि धन संपत्ति से ज्यादा ज्ञान और शिक्षा पावरफुल है। शिक्षा में उच्च क्वालिटी और गुणवत्ता होनी चाहिए क्योंकि शिक्षा ही आपको जीवन में तरक्की व सम्मान दिलवाती है। यही सम्मान बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने विश्व की सबसे प्रसिद्ध तीन विश्वविद्यालयों से पीएचडी करके प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बीच में गरीबी नहीं आनी चाहिए। राज्यपाल आज स्व. अश्वनी गुप्ता की स्मृति में अश्वनी गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सेक्टर - 1 पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं के अव्वल विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने बताया कि मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे आज अश्वनी गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा आयोजित मेधावी छात्रों और शिक्षकों के सम्मान समारोह में आने का अवसर प्राप्त हुआ है।

# कांग्रेस सरकार बनने पर हरियाणा में बदमाशों को रहने नहीं देंगे: हुड्डा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

कांग्रेस सरकार बनने पर हरियाणा में बदमाशों को रहने नहीं देंगे। सुरक्षित फरीदाबाद, सुरक्षित हरियाणा, विकसित हरियाणा बनाना कांग्रेस का मकसद है। ये कहना है पूर्व सीएम व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा फरीदाबाद में धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान, विधानसभा में कांग्रेस के उप नेता आफताब अहमद और विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक शारदा राठौर, रघुवीर तेवतिया, ललित नागर, वरिष्ठ नेता लखन सिंगला, विजय प्रताप समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। हुड्डा ने मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव लड़ने और भाजपा को कड़ा मुकाबला देने के लिए कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि आधा मोर्चा आप लोगों ने फतेह कर लिया है। तीन महीने बाद विधानसभा चुनाव में पूरा मोर्चा फतह करने का मौका है। इस बार फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की सारी विधानसभाओं में कांग्रेस की जीत ही हमारा लक्ष्य है।

### जबतक सत्ता परिवर्तन नहीं होता, किसी कार्यकर्ता को घर नहीं बैठना

हुड्डा ने कहा कि फरीदाबाद हरियाणा का सबसे पुराना औद्योगिक नगर है। लेकिन जब से भाजपा सत्ता में आई है, उसने इलाके की जनता को आधारभूत सुविधाओं के लिए भी तरसा रखा है। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में यहां आईएमटी, सिक्स लेन सड़कें, गुरुग्राम वाली रोड, बाईपास, यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज, बड़े उद्योग, संस्थाएं, वाटर सप्लाई और सीवरेज व्यवस्था स्थापित की थी। इस मौके पर कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए चौधरी उदयभान ने आराम हराम है का नारा दिया। उन्होंने कहा कि ये सत्ता परिवर्तन की लड़ाई है और जब तक इसे जीत नहीं जाते, तब तक किसी को घर नहीं बैठना है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर इसी जुनून को जनता की सेवा में इस्तेमाल करना है।

## महम में बलराम दांगी पर दांव खेलेगी कांग्रेस! कुछ लोग अंदरखाते जता रहे दावेदारी

# बेटे के राजनीतिक करियर के लिए आनंद दांगी ने छोड़ी दावेदारी

राजकुमार नरवाल ▶▶| महम



आनंद सिंह दांगी



बलराम दांगी

■ महम में कांग्रेस के सम्भावित प्रत्याशियों की सूची बहुत छोटी

इस साल अक्टूबर में हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसलिए अक्टूबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। महम विधानसभा क्षेत्र से फिलहाल बलराज कुंडू निर्दलीय विधायक हैं। भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा, राधा अहलावत, महंत सतीश दास और राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठक कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी से पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी और उनके बेटे बलराम दांगी भी हलके में काफी सक्रिय दिख रहे हैं। निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू और उनकी पत्नी परमजीत कुंडू भी गांव-गांव जा रहे हैं। वे कस्बा महम में भी बैठकें कर रहे हैं। यदि कांग्रेस पार्टी की बात करें, तो यहां पर कांग्रेस पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी के बेटे बलराम दांगी पर दांव खेल सकती है। क्योंकि आनंद सिंह दांगी ने महम विधानसभा से टिकट की अपनी दावेदारी छोड़ दी है। वे चाहते हैं कि अब उनका बेटा बलराम दांगी यहां से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़े और हरियाणा विधानसभा में पहुंचे। वे खुले मंच पर इस बात का ऐलान कर चुके हैं कि अब बलराम दांगी ही कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ेंगे। साथ ही वे हलके की जनता को यह भी बता चुके हैं कि पार्टी हाईकमान से लेकर प्रदेश स्तर पर यह बात तय हो चुकी है कि इस बार महम से बलराम दांगी ही चुनाव लडेंगे। हालांकि यह तो समय ही बताएगा कि जब टिकट वितरण होगा तो क्या परिस्थितियां बनेंगी। लेकिन पिता पुत्र चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। आनंद सिंह दांगी कांग्रेस के कद्दावर नेता हैं। हुड्डा सरकार में लगातार तीन बार विधायक रह चुके हैं। कुछ समय के लिए प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री भी बन चुके हैं। चौधरी देवीलाल जब महम से विधायक बनकर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे, तो उस वक्त ए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन रह चुके हैं। चूंकि महम मुख्यमंत्री का हलका होता था, तो इस नाते आनंद सिंह दांगी की कलम से इस हलके के सैकड़ों युवाओं को सरकारी नौकरियां दी गई थी। तब से इस हलके के लोग इनके साथ जुड़े हुए हैं और यहां के दमदार नेताओं में इनकी गिनती होती है। कांग्रेस की टिकट पर यहां से चुनाव लड़ने वाले संभावित उम्मीदवारों की बात करें, तो यहां पर उनकी सूची काफी छोटी है। यदि पार्टी उनको टिकट दे, तो कई लोग चुनाव लड़ने को तैयार हैं। लेकिन सब अंदर खाते ही चल रहा है। खुलकर दांगी के सामने टिकट की दावेदारी जताने वाले लोग यहां पर नहीं दिखाई दे रहे। हालांकि यहां पर हरियाणा पुलिस के डीआईजी अरुण नेहरा के समर्थकों का एक ग्रुप है, जो चाहता है कि अरुण नहरा यहां से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ें। पूर्व में इनेलो की टिकट पर चुनाव लड़ चुके राजबीर सामणिया फिलहाल कांग्रेस में हैं और वे भी चाहते हैं कि यदि पार्टी उनको मौका दे तो वे भी चुनाव लड़ने को तैयार हैं। राजबीर सामणिया समय समय पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी महम विधानसभा चुनाव लड़ने की अपील करते रहते हैं। बहलबा गांव के सुरेंद्र पंवार भी पिछले कई वर्षों से महम हलके से कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहे हैं।

### नेत्रहीन क्रिकेट चैलेंज कप टूर्नामेंट के फाइनल मैच में हरियाणा ने राजस्थान की टीम को हराया



**फरीदाबाद।** हरियाणा नेत्रहीन क्रिकेट संगठन द्वारा सेक्टर 77 स्थित लॉड्स क्रिकेट अकादेमी में कराए गए तीन दिवसीय नेत्रहीन क्रिकेट चेलेंज कप टूर्नामेंट के फाइनल मैच में हरियाणा ने राजस्थान को हराया। राजस्थान ने 20 ओवर मे 164 रन बनाए और हरियाणा ने 15.2 ओवर में ही 168 रन बना लिए अतः हरियाणा टीम को विजयी घोषित किया। इस फाइनल मैच का टॉस फरीदाबाद के दो युवा उद्योगपति विवेक अग्रवाल और पीयूष अग्रवाल द्वारा कराया गया। फाइनल मैच के समापन और विजेताओं को पुरस्कार देने मुख्य अतिथि के रूप में फरीदाबाद शहर के वरिष्ठ समाजसेवी सुधा रस्तोगी डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष धर्मवीर गुप्ता और विशिष्ठ अतिथि के रूप में फ्रेंडस इंडस्ट्रीज फाउंडेशन के निदेशक गौरव नारंग, खुशी एक एहसास के अध्यक्ष और महासचिव अजय चावला और पंकज भाटिया पूरे मैच में उपस्थित रहकर उत्साह बढ़ाया।

### दास ने 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन में कहा

# आंकड़ों की गणना पद्धति में पूर्वाग्रहों को हटाना जरूरी : आरबीआई गवर्नर

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बढ़ने से आंकड़ों की गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत बतायी।

दास ने केंद्रीय बैंक की तरफ से आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निष्कर्ष निकालने के लिए सांख्यिकी का इस्तेमाल एक पसंदीदा साधन के तौर पर लगातार बढ़ रहा है और यह क्षेत्र अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए तथ्यों के संग्रह से आगे बढ़कर व्याख्या एवं निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत तेजी से इस्तेमाल हो रही

दास ने कहा कि नजरिये में आए इस बदलाव ने सांख्यिकी को अन्य प्रमुख विषयों का अभिन्न अंग बनने की छूट दी है। निर्णय निर्माण की दक्षता में सुधार और मानवीय ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगकर्ता के अनुभव को समृद्ध करने के लिए सांख्यिकीय तरीकों को अपनाने में कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत का तेजी से इस्तेमाल हो रहा है।



## डिजिटल पहुंच के दोहन का प्रयास

*दास ने कहा कि रिजर्व बैंक की टीम इन घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि आरबीआई वैकल्पिक डेटा स्रोतों से अपेक्षाओं, भावना संकेतकों और नीति विश्वसनीयता वाले उपायों का विश्लेषण करने के लिए विशाल कंप्यूटिंग शक्ति और बढ़ती डिजिटल पहुंच का दोहन करने का प्रयास कर रहा है।*

- एआई एवं मशीन लर्निंग के प्रयोग से एल्गोरिद्म खत्म किया जाए
- साख्यिकी का इस्तेमाल पसंदीदा साधन के तौर पर बढ़ रहा
- यह क्षेत्र निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है

## डिजिटल डेटा की मात्रा व भंडारण बढ़ रहा

दास ने कहा कि संग्रहीत डिजिटल डेटा की मात्रा और भंडारण क्षमता में तेजी से वृद्धि हो रही है जिससे नए अवसरों के साथ नई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा, अब ध्यान एआई और मशीन लर्निंग तकनीकों में क्षमता बढ़ाने और अव्यवस्थित डेटा का विश्लेषण करने पर है।

## रिजर्व बैंक ने कई क्षेत्रों में एआई व मशीन लर्निंग अपनाया

इस दौरान नैतिक पहलुओं को भी ध्यान में रखने और एल्गोरिदम में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत है। रिजर्व बैंक ने कई क्षेत्रों में एआई और मशीन लर्निंग विश्लेषण को अपनाया है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक अब उच्च आवृत्ति और वास्तविक समय पर उपलब्ध डेटा की निगरानी एवं विश्लेषण के लिए अत्याधुनिक प्रणालियां विकसित करने का लक्ष्य बना रहा है।

## आरबीआई ने एचएसबीसी पर लगाया जुर्माना




आरबीआई ने कार्ड से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने पर हांगकांग व शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएसबीसी) पर 29.6 लाख रुपये का जुर्माना शुक्रवार को लगाया। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि एचएसबीसी पर यह जुर्माना भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 'बैंकों के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और रुपया मूल्यवर्गित सह-ब्रांडेड प्रीपेड कार्ड परिचालन' पर जारी कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है।

# एनपीएस अंशधारकों के सौदे का निपटान एक जुलाई से उसी दिन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने एक जुलाई से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अंशधारकों के लिए सौदे वाले दिन ही निपटान की अनुमति दे दी है। पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने एक बयान में कहा कि किसी भी निपटान दिवस पर सुबह 11 बजे तक ट्रस्टी बैंक द्वारा प्राप्त राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) अंशदान उसी दिन निवेश किया जाएगा और ग्राहकों को उसी दिन एनएवी (शुद्ध संपत्ति मूल्य) का लाभ मिलेगा। बयान के अनुसार, अब तक, ट्रस्टी बैंक द्वारा प्राप्त योगदान का निपटान अगले दिन (टी+1) निवेश किया जाता है। इसका मतलब है कि पिछले दिन तक प्राप्त योगदान अगले दिन निवेश किया जाता है। पीएफआरडीए ने कहा कि किसी भी निपटान दिवस पर सुबह 9:30 बजे तक प्राप्त योगदान को पहले से ही उसी दिन निवेश के लिए माना जाता था। अब, सुबह 11 बजे तक प्राप्त योगदान राशि भी लागू एनएवी के साथ उसी दिन निवेश किया जाएगा।




- ग्राहकों को उसी दिन एनएवी का लाभ मिलेगा

## समयबद्ध तरीके से ग्राहकों को लाभ मिले

बयान के अनुसार, पीएफआरडीए ने ई-एनपीएस के लिए 'पॉइंट ऑफ प्रजेंस' (पीओपी), नोडल कार्यालयों और एनपीएस ट्रस्ट को सलाह दी है कि वे अपने एनपीएस परिचालन को संशोधित समयसीमा के अनुरूप करें ताकि समयबद्ध तरीके से ग्राहकों को लाभ मिल सके।

# शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का दौर थमा

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को बैंक, वित्त एवं प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली आने के कारण पिछले चार सत्रों से जारी तेजी का दौर थम गया। दोनों ही मानक सूचकांक हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके साथ ही पिछले तीन दिनों से हर रोज सेंसेक्स और निफ्टी के नया रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला भी थम गया। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स पहली बार 79,000 और निफ्टी 24,000 के स्तर के पार बंद हुए थे। इस कारोबारी सप्ताह में सेंसेक्स 1,822.83 अंक यानी 2.36 प्रतिशत उछला जबकि निफ्टी में 509.5 अंक यानी 2.16 प्रतिशत की तेजी रही। जून महीने में सेंसेक्स ने कुल 7.14 प्रतिशत की छलांग लगाई जो किसी भी महीने का उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 210.45 अंक गिरकर 79,032.73 पर बंद हुआ।



- सेंसेक्स 210 अंक फिसला, निफ्टी में 30 अंक की गिरावट

## सोने में 370 रुपये की तेजी चांदी 600 रुपये मजबूत



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 370 रुपये की तेजी के साथ 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू बाजार में मूल्यवान धातु मजबूत हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये की तेजी के साथ 91,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई जो पिछले कारोबारी सत्र में 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

## लाइफस्टाइल ने की सीज़न की सबसे बड़ी सेल की घोषणा

*मुंबई। भारत के प्रमुख फैशन संगमों में से एक लाइफस्टाइल बहुप्रतीक्षित बिक्री लाइफस्टाइल सेल की घोषणा करते हुए उत्साहित है। इस बहुप्रतीक्षित बिक्री लाइफस्टाइल सेल में खरीदार नवीनतम स्टाइल पर 50 प्रतिशत की छूट पा सकते हैं जिसमें शीर्ष फैशन ब्रांड अग्रणी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड से नवीनतम रुझानों और फैशन विकल्पों के व्यापक चयन के साथ लाइफस्टाइल सेल फैशन के प्रति उत्साही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। वार्डरोब लाइफस्टाइल कलेक्शन वसंत-ग्रीष्मकालीन अनुभूति का सबसे अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिसमें पुष्प प्रिंट और हल्के रंग, स्टाइलिश वर्गीकरण में ट्रेंडिंग शिफ़ली और क्रॉशिया ड्रेस, विंटेज ब्लूम्स प्रमुखता से शामिल है। कोर्ड-सेट, महिलाओं के लिए स्टाइलिश डेनिम ट्रेंड, और मुद्रित शर्ट की एक विस्तृत श्रृंखला, बिल्कुल नई ढीली पुरुषों के लिए फिट पैंट और अनोखी टीज रोमांचक छूट पर उपलब्ध हैं। इस मौसम में गर्मी बढ़ाते हुए कूल दिखने के लिए फ़ैशन प्रेमी निश्चिंत हो सकते हैं। लाइफस्टाइल की बिक्री ट्रेंड सेटर्स के लिए नवीनतम रुझानों की खरीदारी करने का एक शानदार अवसर प्रस्तुत करती है। मेलेंज, जिंजर, फोर्का, कोड, एएनडी, बीबा, ग्लोबल सहित 100 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड घरेलू, जैक एंड जोन्स, इंडियन टेरेन, पार्क एवेन्यू, पेपे जींस, प्यूमा, एडिडास, फॉसिल, अरमानी एक्सचेंज, मेबेलिन, लोरियल और कई अन्य परिधान, सौंदर्य प्रसाधन, घड़ियाँ, सुगंध आदि आकर्षक कीमतों पर जूते, हैंडबैग और सहायक उपकरण मौसमी आवश्यक वस्तुओं में से अपनी पसंद का विकल्प चुन सकते हैं। इसके अतिरिक्त, एसबीआई क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए एक विशेष ऑफर है, जिन पर न्यूनतम खरीदारी रु.7000* पर तत्काल 5 प्रतिशत * की छूट मिलती है, नियम एवं शर्तें लागू है।*

## विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 जून को समाप्त सप्ताह में 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.71 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा था। विदेशीमुद्रा भंडार का सर्वकालिक उच्चतम स्तर सात जून को 655.82 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 21 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.6 करोड़ डॉलर घटकर 574.13 अरब डॉलर रही।

- समाप्त सप्ताह में बढ़कर 653.7 अरब डॉलर रहा

## औद्योगिक उत्पादन मई में 6.3 फीसदी की दर से बढ़ा

**नई दिल्ली।** कोयला, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में अच्छी वृद्धि होने से मई के महीने में देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 6.3 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। अप्रैल में इन आठ क्षेत्रों का उत्पादन 6.7 प्रतिशत बढ़ा था। इन प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर मई 2023 में 5.2 प्रतिशत थी। इन क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक, कच्चे तेल और सीमेंट उत्पादन में मई के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।



- कोयला, गैस व बिजली क्षेत्र में अच्छा रहा उत्पादन


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## कृषि मंत्री चौहान ने ब्याज अनुदान दावों के निपटान हेतु वेब पोर्टल किया लॉन्च

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) के अंतर्गत बैंकों द्वारा प्रस्तुत ब्याज अनुदान दावों के निपटान की प्रक्रिया को स्वचालित और तेज करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग और नाबार्ड द्वारा संयुक्त रूप से विकसित वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, नाबार्ड के अध्यक्ष, किसान कल्याण विभाग और बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर चौहान ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्नि उपाय कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि अवसंरचना कोष को पीएम मोदी द्वारा 1 लाख करोड़ रुपये की फंडिंग के साथ लॉन्च किया गया था ताकि फसलों के भंडारण की क्षमता बढ़ाई जा सके और किसानों के नुकसान को कम किया जा सके।

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। संयत रहें।

**वृष** — व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन सुख में कमी आयेगी। मन परेशान हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**मिथुन** — लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों से सद्भाव बनाकर रखें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं। वाणी में मधुरता रहेगी।

**कर्क** — कारोबार में कुछ कठिनाइयां तो आ सकती हैं। फिर भी लाभ में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**सिंह** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**कन्या** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन:स्थिति रहेगी।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान रहेगा। अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिक** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य को लेकर परेशान हो सकते हैं।

**धनु** — नए अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं।

**मीन** — आय में वृद्धि होगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मो को निम्नलिखित मदो के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:-

| क्र.स. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 61245673A | टेक्सपक पैड फॉर साइड बेयरर | 864 नग | 25 जुलाई 2024 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2.मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस संख्या: 61245673A 1950/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में वार्ड 19 में सेक्टर-23 आउटर रोड ग्रीन बैल्ट के विकास हेतु आकलन + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 6.53 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27288/I/88/6 दि. 28.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी सिरसा | गांव जंडवाला बिश्नोइया जिला-सिरसा में खरीद केन्द्र का निर्माण (सी.एम. घोषणा कोड सं. 23944)। | 26.06.2024 10.07.2024 | ईएमडी 3.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416178720 xensirsahsamb23@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27286/I/88/6 दि. 28.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद कैथल | एम.सी. कैथल में वार्ड नं. 30 में जय सिंह कचौरी वाला से परनामी के मकान तक आरसीसी नाला का निर्माण। | 26.06.2024 03.07.2024 | 17.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896000527 tbmckaithal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27284/I/88/6 दि. 28.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | लाधुवास (एम.सी. रतिया) में खरीद केन्द्र में हाई मास्ट लाइटिंग की स्थापना का प्रावधान + 1 कार्य। | 27.06.2024 12.07.2024 | 13.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27283/I/88/6 दि. 28.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | एम.सी. टोहाना में डम्प साइट हेतु रोड का विस्तार। | 26.06.2024 10.07.2024 | 68.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467820947 eo-tohana@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27278/I/88/6 दि. 28.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | वार्ड नं. 7, जुलाना में भान के मकान से बदन सैक्रेटरी के मकान तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 2.21 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7206353677 secmcjulana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27276/I/88/6 दि. 28.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू, रोहतक में विभिन्न भवनों में रखरखाव प्रयोजन हेतु 500 अदद बीएलडीसी टाइप सीलिंग फैन्स की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध। | 27.06.2024 18.07.2024 | 11.14 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | विधि विभाग में 3 अदद नये निर्मित लैक्चर थियेटर के अपग्रेडेशन हेतु साउंड एंड इलैक्ट्रिकल एक्सेसरीज स्थापना कार्य + 2 कार्य। | 27.06.2024 18.07.2024 | 37.50 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27312/I/88/6 दि. 28.06.24

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | किराया आधार पर 24*7 उपयोग किए जाने के लिए चालक सहित एस/डी. ढांड के लिए सिंगल सीटर पीछे की साइड से खुला महिन्द्रा/टाटा फोर्स और एस/डी पुण्डरी-II हेतु 2 अदद आउटसोर्स्ड वाहन बोलेरो/टाटा सूमो को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | रु. 6000/- प्रति वाहन | www.uhbvn.org.in NIT No. 219/2024-28 dated 25.06.2024 | 9354726133 xenoppundri@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | एसडीओ 'ओपी' एस/डिवी. नं. 3, यूएचबीवीएन, रोहतक के उपयोग हेतु आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से खुली बॉडी कैम्पर को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 6000/- | www.uhbvn.org.in NIT No-03/OP City Divn. Rtk/ 2024- 2025 dated:27.06.2024 | 1262285915 xenopuhbvncityrohtak@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | एसडीओ 'ओपी' एस/डिवी., औद्योगिक क्षेत्र यूएचबीवीएन, रोहतक के उपयोग हेतु आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से खुली बॉडी कैम्पर को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 6000/- | www.uhbvn.org.in NIT No-02/OP City Divn. Rtk/2024- 2025 dated: 27.06.2024 | 1262285915 xenopuhbvncityrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/27266/I/88/6 दि. 28.06.24


## शब्द पहेली - 5556




**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

**शब्द पहेली -5555 का हल**





भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा मुकाबला

मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर रात 8 बजे

# टी20 वर्ल्ड कप का महासंग्राम आज, 17 साल में पहली बार अजेय रही टीम बनेगी चैंपियन

एजेंसी ▶▶| जॉर्जटाउन

बारबाडोस। टी20 विश्व कप 2024 की दो फाइनलिस्ट टीमें मिल चुकी हैं। शनिवार को खिताबी मुकाबले में 2007 की चैंपियन भारत का सामना पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम से होगा। यह मुकाबला बारबाडोस में खेला जाएगा। दोनों ही टीमें इस मैच के लिए तैयार हैं। टी20 विश्व कप की शुरुआत 2007 में हुई थी और भारतीय टीम पहले ही संस्करण में चैंपियन बनी थी। तब से लेकर अब तक 17 साल में पहली बार ऐसा होगा कि पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही टीम चैंपियन बनेगी। यह नौवां संस्करण है और पिछले आठ संस्करण में कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई टीम एक भी मैच न गंवाते हुए चैंपियन बनी हो। 2007 से लेकर 2022 टी20 विश्व कप तक चैंपियन बनने वाली टीम ने अभियान के दौरान कोई न कोई मैच जरूर गंवाया है। हालांकि, इस बार न तो दक्षिण अफ्रीका और न ही भारत ने अब तक अपने फाइनल तक के अभियान में कोई मैच गंवाया है।






## 17 वर्षों में पहली बार होगा ऐसा

*अब फाइनल में अजेय टीमों की भिड़ंत होगी। इससे पहले 17 वर्षों में किसी टी20 विश्व कप में कभी ऐसा नहीं हुआ था। वहीं, पिछली बार किसी आईसीसी टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए चैंपियन बनने वाली टीम भी भारत ही है। 2013 के चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया अजेय रही थी और उसने पूरे संस्करण में कोई मैच नहीं गंवाया था। तब भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को ही शिकस्त दी थी। अब भारत के पास 11 साल बाद इतिहास दोहराने का मौका है।*

## बारिश की संभावना

क्रिकेटप्रेमियों की निगाहें अब बारबाडोस पर टिक गई हैं, जहां आज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी लड़ाई होनी है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को बारबाडोस में बारिश की संभावना है। यह संभावना 78% तक जताई गई है, जबकि बादल पूरे दिन छाए रहेंगे।

## दोनों दिन बारिश हुई तो कौन बनेगा चैंपियन ?



अगर शनिवार और रविवार दोनों ही दिन ज्यादा बारिश होती है और मैच रद्द हो जाता है तो फिर भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच ट्रॉफी शेयर की जाएगी। यानी दोनों टीमें जॉइंट विनर घोषित होंगे।

## रिजर्व डे का प्रावधान

हां, फाइनल के लिए रिजर्व डे रखा गया है। अगर शनिवार को बारिश के कारण मैच नहीं खेला जाता है तब यह रविवार को खेला जाएगा। आईसीसी ने इस मैच के लिए 3 घंटे 10 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम रखा है।

## भारत का सफर

| तारीख | जगह | खिलाफ | नतीजा |
|---|---|---|---|
| 5 जून | न्यूयॉर्क | आयरलैंड | 8 विकेट से जीता |
| 9 जून | न्यूयॉर्क | पाकिस्तान | 6 रन से जीता |
| 12 जून | न्यूयॉर्क | अमेरिका | 7 विकेट से जीता |
| 15 जून | फ्लोरिडा | कनाडा | मैच रद्द |
| 20 जून | बारबाडोस | अफगानिस्तान | 47 रन से जीता |
| 22 जून | एंटीगुआ | बांग्लादेश | 50 रन से जीता |
| 24 जून | सेंट लूसिया | ऑस्ट्रेलिया | 24 रन से जीता |
| 27 जून | गयाना | इंग्लैंड | 68 रन से जीता |

## दक्षिण अफ्रीका का सफर

| तारीख | जगह | खिलाफ | नतीजा |
|---|---|---|---|
| 3 जून | न्यूयॉर्क | श्रीलंका | 6 विकेट से जीता |
| 8 जून | न्यूयॉर्क | नीदरलैंड | 4 विकेट से जीता |
| 10 जून | न्यूयॉर्क | बांग्लादेश | 4 रन से जीता |
| 15 जून | सेंट विन्सेंट | नेपाल | 1 रन से जीता |
| 19 जून | एंटीगुआ | अमेरिका | 18 रन से जीता |
| 21 जून | सेंट लूसिया | इंग्लैंड | 7 रन से जीता |
| 24 जून | एंटीगुआ | वेस्टइंडीज | 3 विकेट से जीता |
| 27 जून | त्रिनिदाद | अफगानिस्तान | 9 विकेट से जीता |

## भारत ने गंवाए 10 टूर्नामेंट

| वर्ष | टूर्नामेंट और रिजल्ट |
|---|---|
| 2014 | टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में हार |
| 2015 | क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में हार |
| 2016 | टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में हार गया |
| 2017 | चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली हार |
| 2019 | क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में हार |
| 2021 | वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हारे |
| 2021 | टी20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज से बाहर |
| 2022 | टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में मिली हार |
| 2023 | वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल हारे |
| 2023 | क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में हुई हार |

## भारत की टी20 लगातार जीत

| लगातार मैच जीते | कब से कब तक |
|---|---|
| 12 | नवंबर 2021 से फरवरी 2022 |
| 11* | दिसंबर 2023 से जून 2024 |
| 9 | जनवरी 2020 से दिसंबर 2020 |

## खबर संक्षेप



### गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने ड्रॉ खेली बाजियां

**बुखारेस्ट।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची से कड़े मुकाबले में ड्रा खेला। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से अंक बांटे। अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना अपनी एक गलती के कारण हमवतन वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने से चूक गए जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया।

### डब्लूटीएल का तीसरा सत्र दिसंबर में होगा

**अबू धाबी।** विश्व टेनिस लीग (डब्लूटीएल) का तीसरा सत्र 19 से 22 दिसंबर तक यहां एतिहाद एरेना में आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय कार्यक्रम में अपने पिछले सत्र में डेनियल मेदवेदेव, स्टेफानोस सितसिपास, आंद्रे रुबलेव, आर्यना सबलेंका, इगा स्वियातेक और एलेना रयबाकिना जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया था। पिछले सत्र को मेदवेदेव, रुबलेव, मीरा एंड्रीवा और सोफिया केनिन की मौजूदगी वाली टीम पीबीजी ईगल्स ने जीता था। इस सत्र के लिए खिलाड़ियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

# शेफाली ने रचा इतिहास, 194 गेंदों पर ठोका सबसे तेज दोहरा शतक

**महिला टेस्ट क्रिकेट : भारतीय टीम ने पहले दिन बनाए रिकॉर्ड 525 रन**

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के रिकॉर्डतोड़ दोहरे शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकार्डों की झड़ी लगा दी जिसमें एक दिन का सर्वोच्च स्कोर शामिल है। शेफाली ने सिर्फ 194 गेंद में 205 रन बनाए और स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने पहले दिन चार विकेट पर 525 रन बनाए।




स्मृति मंधाना




शेफाली वर्मा

शेफाली ने आस्ट्रेलिया की अन्नाबेल सदरलैंड का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फरवरी में 248 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। बीस बरस की शेफाली पूर्व कप्तान मिताली राज के बाद टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक जमाने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज बन गई। मिताली ने अगस्त 2002 में टांटन में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 407 गेंद में 214 रन बनाए थे। भारत ने एक दिन में सर्वाधिक रन बनाने का 89 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा। इंग्लैंड की महिला टीम ने 1935 में क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ दो विकेट पर 431 रन बनाए थे।

### पहले दिन 500 रन बनानी वाली पहली टीम

शेफाली को इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 96 रन था। अपना पांचवां टेस्ट खेल रही शेफाली ने 23 चौके और आठ छक्के लगाए। स्मृति मंधाना का भी टेस्ट क्रिकेट में यह सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 127 रन था। टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए यह भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए यह दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। दोनों ने पहले विकेट के लिए 312 गेंद में रिकॉर्ड 292 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। भारत महिला टेस्ट मैच में एक दिन में 500 से अधिक रन बनाने वाली पहली टीम बन गई।

# ओलंपिक जाने वाली रिले धाविका किरण ने स्वर्ण जीता

एजेंसी ▶▶| पंचकूला

ओलंपिक जा रही हरियाणा की किरण पहल ने राष्ट्रीय अंतर प्रांत एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में 50.92 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीत लिया किरण ने 50.95 सेकंड का ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क दूसरी बार पार किया।

हरियाणा की दीपांशी ने रजत और आंध्र प्रदेश की ज्योतिका श्री दंडा ने कांस्य पदक जीता। ज्योतिका भी पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सदस्य है। मध्यम दूरी के धावक परवाज खान ने 1500 मीटर में तीन मिनट 42.95 सेकंड के साथ स्वर्ण जीता। पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर में 10.32 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण जीता।

ओडिशा के अनिमेष कुजुर को रजत और असम के अमलान बोरगोहेन को कांस्य पदक मिला। महिला वर्ग में कर्नाटक की एस एस स्नेहा विजयी रहीं।

महिलाओं के 1500 मीटर वर्ग में के एम दीक्षा तीसरे स्थान पर रही जबकि पश्चिम बंगाल की लिली दास ने जीत दर्ज की। दिल्ली की चंदा दूसरे स्थान पर रही। पुरूषों के 400 मीटर फाइनल में मोहम्मद अनस ने फोटो फिनिश में मुहम्मद अजमल को हराया।




**नाडा ने एएफआई से प्रतियोगिता में रोकने के लिए कहा**

# ओलंपिक के दावेदार मनु डोपिंग मामले में निलंबित

एजेंसी ▶▶| पंचकुला

ओलंपिक क्वालीफिकेशन के दावेदार माने जा रहे भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने प्रतिबंधित स्टेरॉयड के सेवन के आरोप में अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। घटनाक्रम से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि मनु का पॉजीटिव टेस्ट इस साल अप्रैल में इंडियन ग्रां प्री के दौरान लिया गया था। इससे पहले उन्हें नाडा के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने प्रतिस्पर्धाओं से परे रहने के लिए कहा था। एशियाई चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले 24 साल के इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना लगभग तय है।



वह यहां गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे। लेकिन बाद में जारी की गई सूची से उनका नाम हटा दिया गया। एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं। सुमरिवाला ने कहा, 'ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन हम अभी नहीं जानते कि वास्तविक कारण क्या है।

### मनु का शानदार प्रदर्शन

मनु 15 से 19 मई तक भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने एक जून को ताइपे शहर में ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 81.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। मनु विश्व एथलेटिक्स 'रोड टू पेरिस' सूची में 15वें स्थान पर थे और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की राह पर थे क्योंकि 32 एथलीट पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगे। क्वालिफिकेशन की अंतिम तिथि 30 जून है। चोपड़ा और किशोर जेना ने 85.50 मीटर के क्वालीफाइंग मानक को हासिल कर पहले ही ओलंपिक के लिए स्वतः योग्यता हासिल कर चुके है।

चिंतन

# दिल्ली की जन समस्याएं मिलकर हल करें सरकारें

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली प्रशासनिक तौर पर देश के सामने कोई नजीर पेश नहीं कर पा रही है। रिकार्ड तोड़ गर्मी में बिजली आपूर्ति की बात हो, जल आपूर्ति संकट हो या अब भारी बारिश के चलते जलभराव की समस्या, सरकारें राजनीति करती नजर आईं। दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है, यहां शासकीय विभाजन है। कुछ चीजें दिल्ली सरकार के अधीन हैं, कुछ केंद्र सरकार के अधीन, तो कुछ नगर निगम और कुछेक एनडीएमसी के अधीन। इन सबका काम जनसेवा है, जनसमस्याओं को हल करना है, बेहतर जनसुविधा उपलब्ध कराना है, यह तभी संभव है, जब सभी शासकीय विभाग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की जनता को आगे रखकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। शासकीय इकाइयों के बीच अहंकार, अविश्वास और दायित्व बोधहीनता से किसी भी जनसमस्या का समाधान नहीं होगा। दिल्ली में जबसे आम आदमी पार्टी की सरकार है और केंद्र में भाजपा की सरकार है, राष्ट्रीय राजधानी के शासकीय दायित्व के निर्वहन में टकराव है, हर मुद्दे पर राजनीति हावी है, भाजपा व आप एक दूसरे के खिलाफ हमेशा राजनीति करती रहती है, इसमें दिल्ली की जनता सफर कर रही है। दोनों दलों को मिलकर जन समस्याओं का समाधान करना चाहिए। भारत में जिस तरह की बहुदलीय राजनीतिक व्यवस्था है, जिस तरह नागरिकों के बीच भी भिन्न राजनीतिक अभिरुचि है, उसमें समूचे देश में सभी राज्यों व केंद्र में एक ही वक्त किसी भी एक दल या गठबंधन की सरकार आनी संभव ही नहीं है। अलग-अलग राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र में अलग-अलग दलों या गठबंधनों की सरकार रहेगी। इस सत्य को स्वीकारते हुए सत्ता में रहने वाले दलों को राजनीतिक मतभिन्नता से ऊपर उठकर जनकल्याण के लिए काम करना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि दल यह बात जानते नहीं हैं। सरकार में रहते हुए राजनीतिक व्यवहार करना निषेध होना चाहिए। चुनाव के समय राजनीतिक मतभेद और दलों के बीच स्पर्धा समझ में आती है, पर सत्ता में आने के बाद जनसमस्याओं के समाधान को लेकर सियासत करना राजनीति का निकृष्टतम रूप है। यह लोकतंत्र के मकसद के लिए भी खतरनाक है। जनता अपने विवेक से सरकार का चुनाव करती है, जनसमूह का विवेक एकसम नहीं हो सकता है, ऐसे में अलग-अलग दलों की सरकारें बननी लाजिमी है। सभी दल इस तथ्य को अच्छे से आत्मसात कर लें। सरकार गठन में पद की शपथ लेने व कार्यभार संभालने के बाद सभी पदेन लोग जनता के प्रति संवैधानिक रूप से जिम्मेदार हैं। कोई भी अपने दायित्वों के निर्वहन से बच नहीं सकता। सरकार में रहते हुए अपने-अपने दायित्वों को निभाने के बजाय जिम्मेदारी निभाने के लिए दूसरे को कसूरवार ठहराना बंद होना चाहिए। दिल्ली जलमग्न है, जनजीवन अस्तव्यस्त है, बिजली व पानी के संकट का सामना कर रही है और आप व भाजपा राजनीति में डूबी हुई हैं, यह शर्मनाक है। आरोप-प्रत्यारोप से समस्याओं के हल नहीं होंगे। सभी दल हमेशा राजनीतिक मोड में रहना बंद करें। केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम और एनडीएमसी को मिलकर दिल्ली की जनसमस्याओं को दूर करना चाहिए, बजाय एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने के। संघीय व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए न कि कमजोर। भारी बारिश पर किसी का जोर नहीं, पर ड्रेनेज सिस्टम बेहतर बनाना, जलनिकासी की व्यवस्था करना सरकार के हाथ में है। पेयजल आपूर्ति सिस्टम ठीक करना हाथ में है।



कूटनीति
प्रभात कुमार राय

# अलग-थलग पड़ता जा रहा इजराइल

गाजा पट्टी के बाद इजराइली सेना ने फिलिस्तीन के इलाके रफहा पर अपनी आक्रामक सैन्य कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। रफहा में शुरू की गई इजराइल की सैन्य कार्रवाई का प्रबल विरोध अमेरिका द्वारा किया गया। इजराइल के समर्थक अमेरिका की कूटनीतिक सलाह की उपेक्षा करना इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भविष्य में काफी भारी पड़ सकता है। अमेरिका ने इजराइली हुकूमत को हिजबुल्ला तंजीम से भी युद्ध नहीं करने की भी सलाह दी थी। अमेरिका की दोनों कूटनीतिक सलाहों को अस्वीकार करके इजराइल के प्रधानमंत्री ने इजराइल को दुनिया के पटल पर अलग-थलग करने की बाकायदा शुरूआत कर दी है।

इजराइली सेना द्वारा फिलिस्तीन तंजीम हमास के विरुद्ध प्रारंभ की गई सैन्य कार्रवाई को 7 महीने से अधिक वक्त बीत चुका है। अपनी समस्त सैन्य क्षमता के बावजूद इजराइल की सेना अभी तक हमास की ताकत को पूरी तरह से नेस्तनाबूद नहीं कर पाई है। गाजा पट्टी के बाद इजराइली सेना ने फिलिस्तीन के इलाके रफहा पर अपनी आक्रामक सैन्य कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। रफहा में शुरू की गई इजराइल की सैन्य कार्रवाई का प्रबल विरोध अमेरिका द्वारा किया गया। इजराइल के समर्थक अमेरिका की कूटनीतिक सलाह की उपेक्षा करना इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भविष्य में काफी भारी पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका द्वारा ही इजराइल को आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्र उपलब्ध कराए जाते रहे हैं। रफहा पर आक्रमण नहीं करने के अतिरिक्त अमेरिका ने इजराइली हुकूमत को लेबनान में सक्रिय हिजबुल्ला तंजीम से भी युद्ध नहीं करने की भी सलाह दी थी। अमेरिका द्वारा दी गई इन दोनों महत्वपूर्ण कूटनीतिक सलाहों को अस्वीकार करके इजराइल के प्रधानमंत्री ने इजराइल को दुनिया के पटल पर अलग-थलग करने की बाकायदा शुरूआत कर दी है। अमेरिकन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल सरकार से कहा है कि अमेरिका द्वारा इजराइली सेना को हथियारों की आपूर्ति तत्काल रोक दी जाएगी। यदि वास्तव में ही अमेरिका द्वारा इजराइल को आधुनिकतम हथियार नहीं प्रदान किए गए तो फिर इजराइल के लिए चौतरफा सैन्य दुश्मनों से अकेले मुकाबला करना बहुत दुश्वार हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इजराइली सेना इन दिनों हमास तंजीम से जूझ रही है। लेबनान की ईरान द्वारा समर्थित हिजबुल्ला तंजीम से सैन्य मुकाबला कर रही है। यमन के हूती आक्रमणकारियों का सामना कर रही है। सीरिया और इराक़ में विद्यमान फिलिस्तीन समर्थक छापामारों के हमलों को भी झेल रही है। भविष्य में इजराइल को तालिबान के दुर्दांत लड़ाकू का भी मुकाबला करना है। हिजबुल्ला तंजीम के विरुद्ध युद्ध नहीं शुरू करने के लिए जो सलाह अमेरिका ने इजराइल को दी थी इसके पीछे सबसे बड़ा कारण था कि अमेरिका की ताकत को बहुत अच्छी तरह से अनुमान लग रहा है। अमेरिका के सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि इजराइल का हिजबुल्ला के साथ युद्ध शुरू होने का मतलब यह होगा कि पूरा का पूरा उत्तरी इजराइल तबाह कर दिया जाएगा। 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजराइल पर अचानक किए गए आक्रमण से प्रारंभ हुए इस युद्ध की व्यापकता का अंदाज़ा आसानी से लगाया जा सकता है। रूस बनाम यूक्रेन युद्ध में उलझा अमेरिका कदापि नहीं चाहता कि उसके लिए युद्ध का मध्य पूर्व में एक और बड़े युद्ध का मोर्चा खुल जाए। अमेरिकी कूटनीतिज्ञों का सटीक अंदाजा है कि रफहा में इजराइल द्वारा किया गया आक्रमण इस बर्बर युद्ध को वस्तुतः और अधिक विस्तार प्रदान कर देगा, इसीलिए बाइडेन ने इजराइली हुकूमत को यह सलाह दी थी कि उसको रफहा पर आक्रमण नहीं करना चाहिए और ना ही हिजबुल्ला के साथ युद्ध में कदाचित उलझना चाहिए। कहीं ऐसा ना हो जाए कि अमेरिका द्वारा इजराइल



हुकूमत को हथियार उपलब्ध नहीं कराए जाने की कूटनीतिक धमकी को वास्तव में अमेरिका द्वारा कोई अमलीजामा पहना दिया जाए। ऐसी स्थिति में इजराइल चौतरफा आक्रामक हालात में फंस जाएगा। वास्तव में अमेरिका स्वयं भी वियतनाम में और अफगानिस्तान में दीर्घकालीन गोरिल्ला युद्ध में परास्त होकर एक कटु अनुभव ले चुका है। अमेरिका नहीं चाहता कि उसका परम मित्र देश इजराइल उसकी तरह किसी दीर्घकालीन गोरिल्ला युद्ध में फंस बैठे। इजराइली हुकूमत अमेरिकन सलाह को निरंतर दरकिनार करती रही है। वर्ष 1948 में अपनी स्थापना से लेकर आज तक इजराइल किसी युद्ध पराजित नहीं हुआ है। इजराइल ने सन 1967 के युद्ध में अरब देशों को बुरी तरह पराजित किया था। इसके बाद 1973 में इजिप्ट के तत्कालीन राष्ट्रपति अनवर सादत ने इजराइल द्वारा हथियाई गई अपनी जमीन वापस लेने के लिए एक समझौता किया। जॉर्डन के शाह ने भी अपने घुटने इजराइल के सामने टेक दिए थे। यासर अराफत के नेतृत्व में एक दीर्घकालीन गोरिल्ला युद्ध इजराइल के विरुद्ध फिलिस्तीन लिबरेशन आर्मी -पीएलओ द्वारा लड़ा गया। पीएलओ के दीर्घकालीन संघर्ष का परिणाम निकला कि सन 1993 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर के नेतृत्व में इजराइली पीएम इजाकरॉबिन और पीएलओ लीडर यासर अराफत के मध्य ओस्लो समझौता हुआ, जिसके तहत वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में फिलिस्तीन को स्वायत्तता प्रदान कर दी गई थी, किंतु सार्वभौमिक राजसत्ता वाले देश का दर्जा फिलिस्तीन को प्रदान नहीं किया गया है जबकि सन 1948 में ही इजराइल को राष्ट्र घोषित करने के साथ ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा दो स्वतंत्र राष्ट्रों के तौर पर फिलिस्तीन और इजराइल को क्रमशः 45 और 55 फीसदी भू-भाग दिया गया था। उल्लेखनीय है कि यूरोप में अमेरिका के मित्र नाटो देश एक के बाद एक फिलिस्तीन को राष्ट्र के तौर पर मान्यता दे रहे हैं। नार्वे, स्पेन और आयरलैंड द्वारा कुछ वक्त पहले ही फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दी गई है। इसके पहले नाटो सैन्य संगठन का नेतृत्व करने वाला नीदरलैंड भी फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में अपनी मान्यता प्रदान कर चुका है। दुनिया के 139 देश पहले से ही फिलिस्तीन को राष्ट्र का दर्जा दे चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि गाजा में इजराइल सेना द्वारा वहशियाना सैन्य कार्यवाही अंजाम दी गई, जिसके तहत हजारों बच्चे, हजारों महिलाएं और हजारों बेगुनाह नागरिक हलाक़ कर दिए। गए। विगत 7 महीने में गाजा पर इजराइल द्वारा बरसाया गया बारूद जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका द्वारा गिराए गए 1500 टन बारूद के मुकाबले कई गुना अधिक है। आधुनिक इतिहास में दूसरे विश्व युद्ध के बाद अमेरिका द्वारा वियतनाम, लाओस और कंबोडिया पर इससे कहीं अधिक बारूद गिराया गया था। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की सैन्य रणनीति के विरुद्ध पहली बार समस्त यूरोप का जनमत इजराइल के विरुद्ध खड़ा हो गया है।

इजराइली हुकूमत का यह दावा एकदम खोखला साबित हो चुका है कि वह गाजा में निर्दोष नागरिकों की हिफाजत कर रही है और केवल हमास के आतंकवादियों का सफाया कर रही है। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इजराइल को बोको हरम सरीखे आतंकवादियों की श्रेणी में शामिल कर लिया गया है। इजरायली सेना के प्रवक्ता एडमिरल डेनियलहगरी का कहना है कि हमास को परास्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि हमास केवल एक तंजीम नहीं है बल्कि विचारधारा है जो हर फिलिस्तीनी के दिलों दिमाग में बस गई है। ऐसा प्रतीत होने लगा है कि इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का हमास को नेस्तनाबूद कर देने का सैन्य मिशन नाकाम हो चुका है। नेतन्याहू अपनी सैन्य रणनीति में खुद ही उलझ कर रह गए हैं, यहां तक कि उनके परम मित्र देश अमेरिका भी उनकी सैन्य रणनीति से नाराज होकर उनको भविष्य में हथियार प्रदान नहीं करने की धमकी दे रहा है।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल




# वो जो लौट कर घर ना आए...

अठारहवीं लोकसभा अस्तित्व में आ चुकी है। आम चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए कुल दस लाख से अधिक केंद्र व राज्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी इन चुनावों को सम्पन्न कराने के लिए अपने घर परिवार बच्चों को छोड़कर मतदान केंद्रों पर ड्यूटी देने गए 123 कर्मचारी अपने घर जीवित वापस नहीं आए वरन वह अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए ड्यूटी पर ही विभिन्न कारणों से जान गंवा गए। चुनाव आयोग को चुनाव कराने के लिए बड़ी संख्या में कर्मियों की जरूरत होती है और ये कर्मी विभिन्न सरकारी विभागों, सरकारी स्कूल के शिक्षकों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और एलआईसी सहित विभिन्न उद्यमों जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से लिए जाते हैं, जो देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपने-अपने जिलों में चुनाव कराने में मदद करते हैं। चुनाव ड्यूटी के लिए नियुक्त लोगों के अनुपस्थित रहने की कोई गुंजाइश नहीं है। अनुपस्थिति पर आयोग की ओर से दंड दिया जाता है। चुनाव कार्य में केवल उन्हीं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा सकती है जो केंद्र या राज्य के स्थायी कर्मचारी हैं। इस बार का लोकसभा चुनाव 45 डिग्री वाले गर्म मौसम में सम्पन्न हुआ। यह गर्म मौसम की तपिश चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए बेहद भारी साबित हुई। सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही 54 कर्मचारियों की ड्यूटी करते हुए मौत हो गई। 33 मौतें तो वोटिंग के आखिरी दिन 1 जून को हुईं। मरने वालों में ज्यादातर होमगाड्र्स थे, जिनके परिवारों की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। कुछ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें सहारा देने वाला कोई नहीं बचा। उनकी आखिरी उम्मीद 15 लाख रुपये का सरकारी मुआवजा है, जो अब तक नहीं मिला है। उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के दूसरे राज्यों में भी चुनाव ड्यूटी के दौरान कई कर्मचारियों की मौत हुई। चुनाव आयोग से इसकी जानकारी मांगी, लेकिन जवाब नहीं मिला। एक रिपोर्ट के मुताबिक राज्यों में अधिकारियों से बात की, तो पता चला कि मध्यप्रदेश में 27, असम में 15, राजस्थान-छत्तीसगढ़ में 8-8, पंजाब में 7 और दिल्ली में 4 मौतें हुई हैं। उत्तर प्रदेश में चुनाव के दौरान गर्मी काफी अधिक रही और चुनाव कर्मियों को सुविधाओं का अभाव था यही कारण है कि 54 पोलिंग स्टाफ की मौत हो गई। ड्यूटी पर जान गंवाने वाले इन कर्मचारियों में से अभी तक सिर्फ 27 के आश्रितों को सरकार की ओर से मदद मिली है। इलेक्शन कमीशन के मुताबिक, जान गंवाने वाले कर्मचारियों में ज्यादातर होमगार्ड, सफाईकर्मी और वोटिंग कराने वाले कर्मचारी थे। इन सभी की 500 रुपये रोज के हिसाब से ड्यूटी लगाई गई थी। सभी को वोटिंग से 3 से 4 दिन पहले तय लोकसभा क्षेत्रों में पहुंचना था। यूपी के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा के हवाले से बताया गया है कि यूपी में रिपोर्ट हुईं सभी मौतें नेचुरल डेथ की कैटेगरी में आती हैं, इसलिए सभी पीड़ित परिवारों को 15 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। इलेक्शन कमीशन की गाइडलाइन के अनुसार, चुनाव ड्यूटी के दौरान पोलिंग स्टाफ की मौत होने पर दो तरह से मदद दी जाती है। पहला- कर्मचारी की बीमारी से या फिर प्राकृतिक मौत होने पर 15 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाता है। दूसरा- किसी भी तरह के उपद्रव या आतंकी हमले में पोलिंग स्टाफ की मौत होने पर 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। चीफ इलेक्शन कमिश्नर अभी यह जानकारी नहीं दे रहे हैं कि देश में कितने पोलिंग कर्मचारियों की मौत हुई, कब तक पीड़ित परिवारों को मुआवजा मिल जाएगा। सवाल सह है कि क्या तपती गर्मी को देखते हुए चुनाव टाला जा सकता था, वरिष्ठ पत्रकारों ने ऐसे 6 सवाल चीफ इलेक्शन कमिश्नर को मेल के जरिये भेजे। 5 दिन बाद भी जवाब नहीं आया। यह शर्मनाक है कि देश का चुनाव आयोग ड्यूटी पर तैनात जान गंवाने वाले कर्मचारियों की सही संख्या तक नहीं बता रहा है। मध्यप्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी अनुपम रंजन के मुताबिक चुनाव ड्यूटी के दौरान 27 कर्मचारियों की मौत हुई है। इनमें से 21 के परिवारों को केंद्र सरकार की तरफ से 15 लाख रुपये की मदद दी गई है। छत्तीसगढ़ में 8 कर्मचारियों की मौत हुई। सभी के परिवारों को मुआवजा मिल गया है। राजस्थान के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रवीण गुप्ता के मुताबिक, प्रदेश में 8 मौतें हुई हैं, जिनमें से 6 परिवारों को मुआवजा मिल गया है। एक ओर वह नेता हैं जो संविधान हाथ में लेकर संविधान में आस्था का प्रदर्शन करते हैं और मौका मिलने पर संविधान का दुरुपयोग करने से भी नहीं चूकते हैं वहीं दूसरी ओर वे हैं जो अपनी जान ड्यूटी देते गंवा गए। हमारे विचार में इन तमाम लोगों को कर्तव्य परायणता के लिए श्रद्धांजलि दी जानी चाहिए और इनके आश्रितों को यथा शीघ्र आर्थिक मदद दी जानी चाहिए। इसमें देरी या अनावश्यक कागजी बाधाएं दूर करने की जरूरत है, ताकि लोकतंत्र के इन पहरूओं की आत्मा को शान्ति मिल सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए, क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

## किसी की भी सोच बदल सकता है गुरु



संकलित
प्रेरणा

ऋषि वशिष्ठ श्रीराम कुलगुरु थे। इन्हीं की सलाह पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। यज्ञ के फल से श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। इन्होंने वशिष्ठ पुराण, वशिष्ठ श्राद्धकल्प, वशिष्ठ शिक्षा आदि ग्रंथों की रचना भी की। जब विश्वामित्र एक राजा थे, तब एक दिन वे शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल आए। आराम करने के लिए वे ऋषि वशिष्ठ के आश्रम में रुक थे। आश्रम में विश्वामित्र ने कामधेनु नंदिनी गाय को देखा। नंदिनी गाय को देख विश्वामित्र ने वशिष्ठ से कहा कि ये गाय आप मुझे दे दीजिए, लेकिन ऋषि वशिष्ठ ने कामधेनु को देने से मना कर दिया। राजा विश्वामित्र कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले जाने लगे। विश्वामित्र कामधेनु के लिए युद्ध तक करने के लिए तैयार हो गए थे पर तब ऋषि वशिष्ठ के कहने पर नंदिनी गाय ने विश्वामित्र सहित उनकी पूरी सेना को भगा दिया। राजा विश्वामित्र को अपने सैनिकों सहित वापस राज्य में लौटना पड़ा। ऋषि वशिष्ठ का ऐसा प्रभाव देखकर विश्वामित्र बहुत हैरान हो गए। विश्वामित्र ने सोचा की तप में कितना बल है की एक व्यक्ति अपने तप से सभी को प्रभावित कर सकता है। इस घटना के बाद विश्वामित्र ने राज-पाठ छोड़ दिया और तप करने लगे। वशिष्ठ जी के ज्ञान और तप के प्रभाव से विश्वामित्र की सोच बदल गई और बाद में वे भी बह्मर्षि बन गए। गुरु अपने ज्ञान और तप से किसी भी व्यक्ति की सोच बदल सकते हैं।

अंतर्मन




### आज की पाती

**बढ़ती जनसंख्या कई समस्याओं की जड़**

हमारा देश विकास और अन्य बहुत से अच्छे कामों में दुनिया भर में नंबर वन पर है और आगे भी बढ़ रहा है, लेकिन जनसंख्या के मामले में भी हमारा देश दुनिया भर में एक नंबर पर पहुंच चुका है। इस मामले में हमने चीन को भी पीछे छोड़ दिया है। अभी हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में बताया गया है कि हमारे देश की जनसंख्या लगभग 144 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है और भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो सकती है। अगर भारत सरकार और देश का आमजन बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए गंभीरता दिखाए तो भारत जनसंख्या वृद्धि के मामले में आगे नहीं बढ़ेगा। - **निरंजन विश्वकर्मा**, दुर्ग

### ट्रेंड

**सुधारों की सिफारिश**



22 जून 2024 को इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। सरकारी संगठनों, शिक्षाविदों को शामिल करते हुए, समिति का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया में सुधारों की सिफारिश करना, एनटीए की संरचना व संचालन की समीक्षा करना है।
-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

**खाद्य सुरक्षा तेजी से बिगड़ी**



सूडान में खाद्य सुरक्षा तेजी से बिगड़ रही है, 755,000 लोग विनाशकारी परिस्थितियों में हैं और 14 क्षेत्रों में अकाल का खतरा है। मानवतावादियों को जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए निर्बाध, निरंतर पहुंच की आवश्यकता है।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

**छात्रों को सम्मान मिले**



विपक्ष नीट परीक्षा और पेपर लीक मुद्दे पर सरकार के साथ रचनात्मक बहस करना चाहता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें आज संसद में ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गई। यह एक गंभीर चिंता है। हम प्रधानमंत्री से छात्रों को वह सम्मान देने का आग्रह करते हैं जिसके वे हकदार हैं।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

**कभी जबलपुर, कभी दिल्ली**



बड़े ज़ोर शोर के साथ प्रधानमंत्री जी ने टर्मिनल 1 के इसी हिस्से का उद्घाटन किया था आज धड़ाम हो गया 3 लोगों की जान चली गई कई लोग घायल हैं। कभी राम मंदिर, कभी अटल सेतु, कभी जबलपुर टर्मिनल, कभी दिल्ली टर्मिनल
-संजय सिंह, आप नेता

### करंट अफेयर

## चीन की धमकी, ताइवान ने नागरिको को किया सतर्क



ताइवान ने अपने नागरिकों से चीन और अर्ध-स्वायत्त चीनी क्षेत्रों हांगकांग और मकाऊ की यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है। बीजिंग ने स्वशासित द्वीप ताइवान के लोकतंत्र की स्वतंत्रता के समर्थकों को मार डालने की धमकी दी थी, जिसके बाद ताइवान ने अपने नागरिकों से यह अपील की है। मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता और इसके उप प्रमुख लियांग वेन-चेह ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह सलाह जारी की। ताइवान की ओर से यह अपील चीन की ओर से बढ़ती धमकियों के बीच आई है। चीन दावा करता है कि ताइवान उसका अपना क्षेत्र है और यदि आवश्यक हुआ तो वह बलपूर्वक उस पर कब्जा कर सकता है। स्वतंत्रता समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चीन ने ताइवान के स्वतंत्रता समर्थकों को खोज खोज कर मार डालने की धमकी दी है। चीन ने 2016 में डीपीपी की पूर्व राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के चुनाव जीतने के बाद से ताइवान की सरकार के साथ सभी तरह के संपर्क से इनकार कर दिया है। लियांग ने कहा, चीन की ओर से मिल रही धमकी को देखते हुए नागरिकों की सुरक्षा के लिए सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह नागरिकों को सलाह दे।

### ऑफ बीट

## दुनिया का चौथा विशाल मूंगा विरंजन अभी जारी



दुनिया की मूंगा चट्टानें पानी के नीचे के शहरों की तरह हैं, जो सभी प्रकार की मछलियों और समुद्री जानवरों से भरी हुई हैं। मूंगा चट्टानें समुद्र के 1% से भी कम हिस्से को कवर करती हैं, लेकिन वे कई महत्वपूर्ण मछली प्रजातियों सहित सभी समुद्री प्रजातियों के अनुमानित 25% का समर्थन करती हैं। इन जटिल पारिस्थितिक तंत्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का आर्थिक मूल्य केवल अमेरिका में सालाना 3 .4 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। आज, समुद्र के बढ़ते तापमान से कई चट्टानों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।जब समुद्र का पानी बहुत लंबे समय तक गर्म हो जाता है, तो मूंगे अपने ऊतकों में रहने वाले रंगीन सहजीवी शैवाल, जिन्हें ज़ोक्सांथेला कहते हैं, को बाहर निकाल देते हैं – एक प्रक्रिया जिसे मूंगा ब्लीचिंग कहा जाता है। ये शैवाल मूंगों को भोजन प्रदान करते हैं, इसलिए प्रक्षालित मूंगे भुखमरी और बीमारी के प्रति संवेदनशील होते हैं और यदि पानी जल्दी से ठंडा नहीं हुआ तो वे मर सकते हैं। रिकॉर्ड स्तर पर वैश्विक महासागर की गर्मी के साथ, वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि वैश्विक मूंगा ब्लीचिंग चल रही है। 2023 की शुरुआत से, भूमध्य रेखा के उत्तर और दक्षिण, हिन्द, प्रशांत और अटलांटिक महासागरों में मूंगे मर रहे हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## खबर संक्षेप



### मोहन भागवत ने किया आशा भोसले पर आधारित पुस्तक का विमोचन

**मुंबई (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि मंगेशकर परिवार की गायकी भक्ति के साथ-साथ देशभक्ति का भी संदेश देती है। पिछले साल सितंबर में 90 साल की हुईं दिग्गज गायिका आशा भोसले पर आधारित पुस्तक 'स्वरस्वामिनी आशा' के विमोचन के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि गायकी का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि यह भी है कि इसका समाज पर लाभकारी प्रभाव पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, "मैं मंगेशकर परिवार से मिलने से पहले से ही उसका सम्मान करता हूं। उनकी गायकी भक्ति के साथ-साथ देशभक्ति का भी संदेश देती है।" इस अवसर पर आशा भोसले ने हिंदुत्व विचारक वी. डी. सावरकर के साथ अपने जुड़ाव को याद किया।

### तेलंगाना की फैक्ट्री में विस्फोट, 5 की मौत

**रंगा रेड्डी।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में शुक्रवार को एक ग्लास फैक्टरी में हुए विस्फोट में 5 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि शादनगर में फैक्टरी के एक टैंक में शाम करीब साढ़े चार बजे विस्फोट हुआ। घायलों की हालत खतरे से बाहर है।



### अमरनाथ यात्रा के लिए 4,600 तीर्थयात्रियों का जत्था कश्मीर पहुंचा

**जम्मू (भाषा)।** अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कश्मीर घाटी पहुंच गया। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर पहुंचने पर पुलिस और नागरिक प्रशासन के अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के काजीगुंड इलाके में नवयुग सुरंग पर 4,603 तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। शनिवार को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान पहलगाम मार्ग व गांदरबल में 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग से यह 52 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू होगी।

### पूर्वांचल, बिहार, झारखंड, त्रिपुरा और कर्नाटक में कर रहे जालसाजी

# सॉल्वर गिरोह के 33 सदस्य रडार पर राजस्थान से 10 स्टूडेंट को धर-दबोचा

## नीट पेपर लीक मामला में सीबीआई की ताबड़तोड़ कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली







**देश के कई राज्यों में फैला रखा ता जाल**

नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के रडार पर पूर्वांचल, बिहार, झारखंड, त्रिपुरा और कर्नाटक के सॉल्वर गिरोह के 33 सदस्य हैं। सभी 2021 में नीट में फर्जीवाड़े के प्रयास के आरोप में सारनाथ थाने में दर्ज मुकदमे के आरोपी हैं। आईएमएस बीएचयू के दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय की बीडीएस की छात्रा रही पटना की जूली कुमारी को 12 सितंबर 2021 को नीट परीक्षा के दौरान सारनाथ के एक केंद्र से गिरफ्तार किया गया था। वह त्रिपुरा की रहने वाली हिना विश्वास की जगह परीक्षा देते पकड़ी गई थी।

इसके बाद 48 आरोपियों का नाम आया था। अहम सूत्रधार मिर्जापुर के चुनार थाना के कैलहट के डॉ. शरद पटेल को 22 अप्रैल को एसटीएफ ने आरओ-एआरओ परीक्षा-2023 का पेपर लीक कराने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा में धांधली के मामले में आरोपी रहे हैं।

**डॉ. शरद का एक करीबी भी लपेटे में**

सॉल्वर गैंग के डॉ. शरद सिंह पटेल का नाम नीट परीक्षा में फर्जीवाड़े के प्रयास में2022 में सामने आया था। मुकदमे के तत्कालीन विवेचक के प्रार्थना पत्र पर अदालत ने डॉ. शरद के खिलाफ एनबीडल्यू जारी किया था। उसी दौरान एक व्यक्ति ने विवेचक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कमिश्नरेट के अफसरों को प्रार्थना पत्र दिया और विवेचना रोहनिया थानाध्यक्ष को स्थानांतरित कर दी गई। बताया जा रहा है कि पूछताछ की जद में डॉ. शरद का वह करीबी भी आएगा।

### राजस्थान में भी कार्रवाई, मेडिकल कॉलेज के 10 स्टूडेंट्स गिरफ्तार



देश भर में नीट परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ जांच एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं। नीट परीक्षा में फर्जीवाड़े के तार अब राजस्थान में झालावाड़ मेडिकल कॉलेज से जुड़े हैं। जहां जांच एजेंसियों ने डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने के आरोप में 10 छात्रों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई की टीम ने इस कॉलेज के 10 छात्रों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 8 को जमानत मिल चुकी है। फिलहाल 2 छात्र अभी भी पुलिस की कस्टडी में हैं। इन छात्रों पर 15-15 लाख रुपए लेकर डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने का आरोप है।

### उच्च स्तरीय समिति ने एनटीए में सुधार के लिए मांगे सुझाव



केंद्र की उच्च स्तरीय समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधार और संभावित पुनर्गठन के बारे में छात्रों और अभिभावकों से सुझाव आमंत्रित किया है। परीक्षा निकाय एनटीए पर पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं का आरोप है।शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति सुझावों के लिए एक समर्पित वेबसाइट तैयार की है। वेबसाइट के माध्यम से फीडबैक आमंत्रित कर रही है। इस पर 7 जुलाई तक अपने सुझाव दे सकते हैं।

### मुखिया ने ही सिपाही भर्ती का पेपर लीक कराया



बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने सिपाही भर्ती पेपर लीक में शामिल 4आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि शिक्षक भर्ती परीक्षा के बाद सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक का मास्टरमाइंड भी नालंदा के नगरनौसा निवासी संजीव मुखिया उर्फ लूटन की है। एक अक्टूबर, 2023 को कांस्टेबल भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक हुआ था। दो दिन पहले ईओयू को इस केस में बड़ी लीड मिली थी। टीम ने छापेमारी कर बंगाल के 3 लोगों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया।

### इटली में सतनाम सिंह की मौत पर भारत की दो टूक

## इस तरह का व्यवहार निंदनीय, हम कामगारों संग करते मानवीय व्यवहार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी इटली में हाल ही में हुई भारतीय नागरिक सतनाम सिंह की मौत के मामले पर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया सामने आई है। इसमें नई दिल्ली में आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मामले में उनके नियोक्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है, जांच जारी है। हम इटली में उनके साथ हुए व्यवहार की निंदा करते हैं। भारत कामगारों के साथ मानवीय व्यवहार की मांग करता है। हम सतनाम सिंह के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। गौरतलब है कि बीते दिनों इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भी इस मामले को संसद में उठाते हुए अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा था कि मुझे उम्मीद है कि मामले में दोषी को कड़ी सजा मिलेगी। सतनाम सिंह इटली में एक खेत में काम करते थे।

वहां काम करते हुए मशीन में उनका एक हाथ कट गया था। इसके बाद उनके नियोक्ता ने इलाज कराने की बजाय उन्हें सड़क किनारे फेंक दिया था। इसकी वजह से सतनाम की मौत हो गई थी। इस घटना के सामने आने के बाद इटली में कई भारतीय कामगार प्रदर्शन कर रहे हैं।

### लेबनान दूतावास से संपर्क में रहें भारतीय

उधर लेबनान के हालात को लेकर जायसवाल ने कहा कि वहां कुल करीब 2 से 3 हजार भारतीय नागरिक रहते हैं। भारतीय दूतावास उनके संपर्क में है। हमने अपने नागरिकों को यात्रा संबंधी कोई सलाह नहीं दी है। लेकिन भारतीयों को हमारे दूतावास के संपर्क में बने रहने की सलाह दी

### केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश

## डिप्टी एनएसए विक्रम मिसरी होंगे अगले नए विदेश सचिव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



देश के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और पूर्व राजदूत विक्रम मिसरी को भारत सरकार का अगला विदेश सचिव नियुक्त किया गया है। वो भारतीय विदेश सेवा के 1989 बैच के अधिकारी हैं। वह पिछले दो सालों से उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के तौर पर काम कर रहे थे। फिलहाल, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में उनका कार्यकाल घटाकर उन्हें भारत का अगला विदेश सचिव नियुक्त किया गया है। डिप्टी एनएसए विक्रम मिसरी 15 जुलाई से अगले विदेश सचिव होंगे। दरअसल, विक्रम मिसरी इससे पहले प्रधानमंत्री कार्यालय में भी काम कर चुके हैं । वे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की रणनीतिक परिस्थितियों को लेकर काफी अनुभवी हैं। इसके अलावा वे फिलहाल डिप्टी एनएसए के तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ काम कर रहे हैं।

### भाजपा की चार सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम ने बंगाल पर जेपी नड्डा को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** लोकसभा चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में हुई राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए बनाई गई समिति ने शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को रिपोर्ट सौंप दी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में टीएमसी के सत्ता पोषित उपद्रवियों और प्रशासन के राजनीतिकरण का हवाला दिया गया है। रिपोर्ट में कहा है कि पश्चिम बंगाल में आमजन जीना मुश्किल हो गया है।

**सांसद बिप्लब देव की अगुवाई में बनी जांच टीम में रविशंकर प्रसाद, बृजलाल कविता पाटीदार थी शामिल**

त्रिपुरा के पूर्व सीएम एवं सांसद बप्लिब कुमार देब की अगुवाई में गठित की गई टीम में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी बृजलाल और सांसद कविता पाटीदार शामिल रहे। पश्चिम बंगाल से लौटने के बाद बप्लिब कुमार देब, रविशंकर प्रसाद, बृजलाल और पाटीदार ने शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की तथा उनको पश्चिम बंगाल की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। देब ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल को छोड़कर कहीं कोई दंगे नहीं हुए।

### सोरेन की जमानत पर हाईकोर्ट की टिप्पणी विपक्षी दलों के लिए बनेगा नया सियासी औजार

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जिस अंदाज में झारखंड हाईकोर्ट ने कथित भूमि घोटाले से जुडे मनी लांड्रिंग मामले में जमानत देते हुए टप्पिणी की है उससे विपक्षी दलों को संसदीय सत्र के दौरान केंद्र सरकार को घेरने का एक और औजार मिल गया है। देर शाम तक कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सहित इंडिया गठबंधन के अन्य साथी दल बैठे इस बात पर एकराय बनी कि मुख्यमंत्री रहते हुए जिस तरह से ईडी ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया अब 149 दिनों के बाद उनकी जमानत हुई है उसे बडा मुद्दा बनाया जाए, खासकर तब जब हाईकोर्ट ने जमानत देते हुए ईडी के केस को पूरी तरह नकारते हुए साफ कहा कि प्रथम दृष्टया वे आरोपी नहीं हैं। हेमंत सोरेन को बेल मिलने के बाद राहुल गांधी ने फोन पर उनसे बात की। चूंकि कई विपक्षी नेताओं पर ईडी की कार्रवाई की तलवार लटक रही है लिहाजा इस केस को एक सियासी औजार के रूप में विपक्षी दल संसद के अंदर और बाहर जमकर इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है। जेल में बंद केजरीवाल, सिसोदिया का मामला भले ही हेमंत सोरेन के मामले से भिन्न हो।

**कई विपक्षी नेताओं पर ईडी की कार्रवाई की तलवार लटक रही**

### कर्नाटक: वैन और ट्रक टकराए में दो बच्चों समेत 13 लोगों की जान गई, चार गंभीर घायल

**हावेरी (भाषा)।** कर्नाटक के हावेरी में ब्यादगी तालुक के गुंडेनहल्ली चौक पर शुक्रवार तड़के ट्रक से एक वैन के कथित तौर पर टकरा जाने से उसमें सवार दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मारे गए दोनों बच्चे चार और छह साल के थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तड़के करीब पौने चार बजे उस समय हुई जब वैन हावेरी जिले के ब्यादगी में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वैन में कुल 17 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि इनमें से 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य लोगों को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। चार घायलों में से दो आईसीयू में भर्ती हैं।

**सिद्धरमैया ने मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख की मदद की घोषणा की**




### बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता, हम खारिज करते हैं अमेरिका की यह अत्यंत पक्षपातपूर्ण रिपोर्ट

# धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पर भारत की अमेरिका को खरी-खरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

धार्मिक स्वतंत्रता पर हाल ही में जारी की गई 'इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम रिपोर्ट-2023' को लेकर भारत ने अमेरिका के खिलाफ कड़ा पलटवार किया है। यहां राजधानी में शुक्रवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत अमेरिका के विदेश विभाग की इस रिपोर्ट को अस्वीकार करते हुए सिरे से खारिज करता है। क्योंकि पहले की तरह ही यह अत्यंत पक्षपातपूर्ण है और इसमें भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का भी अभाव है।

रिपोर्ट से यह स्पष्ट होता है कि ये गलत बयानी, अपने आप लगाए गए आरोप-प्रत्यारोप, वोट बैंक से प्रेरित है और एक खास तरह का नैरेटिव गढ़ने के लिए इसमें कुछ चुनिंदा घटनाओं को शामिल किया गया है। गौरतलब है कि बीते बुधवार को अमेरिका ने यह रिपोर्ट जारी की थी। जिसमें कहा गया था कि भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरती भाषणों और अल्पसंख्यकों के घरों, पूजा स्थलों को तोड़े जाने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखने को मिल रही है।

### वैधानिक प्रक्रिया पर उठाती सवाल

जायसवाल ने कहा कि यह रिपोर्ट भारत की कानूनी, वैधानिक प्रक्रिया पर भी सवालिया निशान लगाती है। साथ ही देश के संवैधानिक प्रावधानों को गलत ढंग से प्रस्तुत करती है। जिसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वर्ष 2023 में भारत ने आधिकारिक तौर पर घृणा अपराध, भारतीय नागरिकों, अल्पसंख्यकों पर नस्लीय हमलों, पूजा स्थलों पर की गई तोड़फोड़, कानून लागू करने वाले अधिकारियों द्वारा हिंसा और दुर्व्यवहार के अलावा विदेशों में उग्रवाद, आतंकवाद को राजनीतिक संरक्षण के साथ कई मामले उठाए हैं। भारत-अमेरिका के बीच मानवाधिकार और विविधता के सम्मान के मुद्दे पर चर्चा होती रही है। लेकिन इस तरह की वार्ता विदेशी हस्तक्षेप का लाइसेंस नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में उन कानूनों को भी निशाना बनाया गया है जो भारत में वित्त के दुरुपयोग पर निगरानी रखते हैं। सुझाव के साथ कहना कि नियमों को मानने का बोझ अनुचित है। ऐसे में यह रिपोर्ट ऐसे कानूनों की आवश्यकता पर सवाल उठाना चाहती है। वहीं स्वयं अमेरिका में और भी कड़े कानून और नियम हैं। वह निश्चित रूप से अपने लिए ऐसे समाधान प्रयोग नहीं करेंगे।

### पन्नू, गुप्ता मामले में रिपोर्ट का इंतजार

उन्होंने कैंपबेल की पन्नू और निखिल गुप्ता को लेकर की गई टिप्पणियों को लेकर कहा कि हमने इस मामले में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। यह मामले से जुड़े तमाम पहलुओं पर गौर कर रही है। जब इसके निष्कर्ष सामने आएंगे तो हम उस दिशा में उचित कार्रवाई करेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25